खास बात

विशाल हृदय वालों के लिए दूर वाले भी निकट हो जाते हैं।
- मेक्सिम गोकी

।। श्री हरिः ।।

नमामि देवी नर्मदे

# अमृत दर्शन

RNI No. MPHIN /2004 /13927
वर्ष - 21 अंक - 164
नर्मदापुरम
शनिवार, 29 मार्च 2025
● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपया
Website : www.amritdarshan.com

नर्मदापुरम का प्रथम हिन्दी दैनिक

## जल गंगा संवर्धन अभियान की सफलता के लिए सरकार और समाज दोनों की सहभागिता जरूरी : सीएम

**भोपाल ■ प्रतिनिधि**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के जल संसाधनों का संरक्षण और पुनर्निर्माण आवश्यक है। प्रदेश की नदियां, सरोवर और अन्य जल स्त्रोत हमारे जीवन के आधार हैं। इनके संरक्षण, पुनर्जीवन और प्रभावी प्रबंधन के लिए सरकार और समाज दोनों सजग रहें, यह आवश्यक है। इस उद्देश्य से प्रदेश में तीन माह अवधि का जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ हो रहा है।



प्रदेश में 30 मार्च से 30 जून तक राज्य स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जाएगा। इसे सफल बनाने के लिए अधिकतम प्रयास किए जाएं। सीएम ने मंत्रालय से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अभियान के संबंध में कलेक्टर्स को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। सीएम ने राज्य स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रकाशित पुस्तिका का विमोचन किया। उन्होंने अभियान को सफ़ल बनाने के लिए कलेक्टर्स और अन्य अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिला स्तर पर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी सभी जनप्रतिनिधियों को भी अभियान से जोड़ें। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सभी की सहभागिता जल स्त्रोतों की सफाई और रखरखाव के कार्यों के अच्छे परिणाम दिलवाने में सहायक होगी। सीएम ने कहा कि अभियान में जिला प्रशासन का अमला और विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी मिलकर कार्य करें। उल्लेखनीय है कि अभियान में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जल संसाधन, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, नगरीय विकास एवं आवास, उद्यानिकी, कृषि, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, उद्योग, पर्यावरण, स्कूल शिक्षा, संस्कृति, जनसंपर्क, राजस्व, वन विभागों के साथ ही जन अभियान परिषद को प्रमुख सहभागी विभाग बनाया गया है। अभियान की स्थानीय रणनीति के अनुसार जिलों में अन्य विभागों का सहयोग कलेक्टर स्तर पर लिया जा सकेगा।

### पर्व-त्यौहारों के लिए करें आवश्यक तैयारियां

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आगामी पर्व त्यौहार पर कानून व्यवस्था की स्थिति सुधर बनाए रखने के निर्देश प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जहां 30 मार्च को गुड़ी पड़वा, चेटीचंड और वर्ष प्रतिपदा के कार्यक्रम होंगे वहीं चैत्र नवरात्र भी प्रारंभ हो रहे हैं। इसके साथ ही 31 मार्च को ईद भी है। इन सभी पर्व-त्यौहारों के दृष्टिगत जिलों में प्रशासनिक अमला सजग और सक्रिय रहे। साथ ही यह सुनिश्चित करें कि यदि विद्यार्थियों की कोई परीक्षा नजदीक है तो उस दृष्टि से ध्वनि विस्तारक यंत्रों का निर्धारित मानकों के अनुसार प्रयोग हो।

### सफर के दौरान दिखाना होगा आधार कार्ड

## एक अप्रैल से जम्मू-कश्मीर में महिलाओं के लिए सरकारी बसों में फ्री सफर

**जम्मू ■ एजेंसी**



जम्मू-कश्मीर में पहली अप्रैल से महिलाएं सरकारी बसों में निशुल्क सफर कर सकेंगी। सफर के दौरान उन्हें आधार कार्ड दिखाना होगा, जो उनके लिए टिकट का काम करेगा। परिवहन विभाग ने इसे लेकर सभी तैयारियां पूर कर ली हैं। विभाग 31 मार्च से पहले तक विस्तृत दिशानिर्देश जारी करेगा।

जम्मू-कश्मीर रोड ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन और स्मार्ट सिटी जम्मू व श्रीनगर की बसों में यह सुविधा मिलेगी। कंडक्टरों को पीओएस मशीन में आधार कार्ड नंबर दर्ज कर टिकट देने की ट्रेनिंग दी जा रही है। जेकेआरटीसी के बेड़े में वर्तमान में 488 बसों का संचालन होता है। इनमें अंतर राज्य, अंतर जिला और जिले में ही चलने वाली बसें शामिल हैं। जेकेआरटीसी की बसों में प्रतिदिन 20 हजार यात्री सफर करते हैं, जबकि प्रति वर्ष यह संख्या अमरनाथ यात्रियों को जोड़कर 23.1 लाख तक रहती है।

### 8वें वेतन आयोग से पहले बड़ी सौगात

## केंद्र ने बढ़ाया केंद्रीय कर्मचारियों का डीए, 1 करोड़ को मिलेगा लाभ

**नई दिल्ली।** सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते (और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। शुक्रवार (28 मार्च) को हुई कैबिनेट मीटिंग में डीए बढ़ोतरी पर फैसला हुआ। इससे पहले जुलाई 2024 में सरकार ने 3 प्रतिशत बढ़ोतरी की थी। 8वें वेतन आयोग के लागू होने से पहले इस बढ़ोतरी से महंगाई भत्ता 53 प्रतिशत से बढ़कर 55 प्रतिशत हो जाएगा। इसका फायदा करीब 48 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 66 लाख पेंशनर्स को होगा।



यह बढ़ोतरी 1 जनवरी 2025 से लागू होगी। डीए की घोषणा में देरी हुई इसलिए अप्रैल के वेतन में पिछले तीन महीनों (जनवरी-मार्च 2025) के एरियर के साथ बढ़ा हुआ डीए भी शामिल होगा। आमतौर पर महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी 3त्न से 4त्न के बीच होती है, लेकिन इस बार बढ़ोतरी सिर्फ़ 2त्न है। ये पिछले सात सालों में सबसे कम है। वहीं सरकार आम तौर पर होली और दिवाली जैसे बड़े त्योहारों से पहले बढ़ोतरी की घोषणा करती है। इस बार घोषणा होली के बाद की गई।

महंगाई बढ़ने के बावजूद सरकारी कर्मचारियों और पेंशनधारकों के जीवन स्तर को बनाए रखने के लिए महंगाई भत्ता यानी, डीए दिया जाता है। डीए की दरें ऑल इंडिया कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स के आधार पर तय होती हैं, और यह हर 6 महीने में अपडेट होती है।

भारत में दो तरह की महंगाई होती है। एक रिटेल यानी खुदरा और दूसरा थोक महंगाई। रिटेल महंगाई दर आम ग्राहकों की तरफ से दी जाने वाली कीमतों पर आधारित होती है। इसको कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स भी कहते हैं। केंद्रीय कर्मचारियों के लिए केंद्र सरकार ने गुरुवार को आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है।

### म्यांमार में भूकंप से मची चीख-पुकार, एक ही दिन में 6 बार कांपी धरती

## इमारतें गिरीं, सड़कें फटीं, जान बचाने भागे लोग, 144 की मौत

**म्यांमार/थाईलैंड ■ एजेंसी**

म्यांमार और थाईलैंड में आज लगे भूकंप के तेज झटकों के बाद भारी तबाही हुई। इस शक्तिशाली भूकंप में इमारतों, पुल और बांध को नुकसान हुआ है। दो सबसे अधिक प्रभावित शहरों से विचलित करने वाला मंजर सामने आया है। रिक्टर स्केल पर 7.7 तीव्रता के इस भूकंप का केंद्र म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले के पास था।





दोपहर करीब 12 बजे लगे झटकों के कुछ ही देर बाद 6.4 तीव्रता का भूकंप भी आया। गृहयुद्ध में उलझे देश म्यांमार में जानमाल का कितना नुकसान हुआ है, इस संबंध में प्रमाणिक आंकड़े सामने नहीं आए हैं। आधिकारिक बयान के तौर पर म्यांमार की सैन्य सरकार के प्रमुख ने मरने वाले लोगों की संख्या बताई। टीवी पर प्रसारित भाषण के मुताबिक कम से कम 144 लोग मारे गए और 730 अन्य घायल हुए हैं। वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग ने कहा, मृतकों और घायलों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है।

वहीं राजधानी नेपीडॉ से ली गई तस्वीरों में भूकंप से नष्ट हुए सिविल सेवकों के आवास वाली कई इमारतें दिखाई दे रही हैं और बचाव दल पीड़ितों को मलबे से निकाल रहे हैं। मामले में म्यांमार की सरकार ने कहा कि सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में अस्पतालों के ब्लड बैंक में खून की कमी है, जिसकी मांग बढ़ गई है। वहीं मांडले शहर में टूटी-फूटी सड़कें और क्षतिग्रस्त राजमार्गों के साथ-साथ एक पुल और बांध के ढहने की तस्वीरों ने इस बारे में और चिंताएं पैदा कर दी हैं कि बचाव दल पहले से ही व्यापक मानवीय संकट से जूझ रहे देश के कुछ क्षेत्रों तक कैसे पहुंच पाएंगे। म्यांमार में आए एक के बाद एक भूकंप के कई तेज झटकों ने आसपास के कई देशों में दहशत फैलाई। पहला भूकंप सुबह 11 बजकर 50 मिनट पर आया, इसकी तीव्रता 7.2 मापी गई। इसके बाद दूसरा झटका दोपहर 12 बजकर दो मिनट पर आया, इसकी तीव्रता 7 मापी गई। इसके बाद एक-एक घंटे के अंतराल पर दो और भूकंप के झटके महसूस किए गए। बता दें कि, भूकंप के झटके भारत, चीन और बांग्लादेश तक महसूस किए गए। भीषण भूकंप के बाद म्यांमार और थाईलैंड में आपातकाल की घोषणा की गई है। बैंकॉक में इसका सबसे ज्यादा असर देखने को मिला। बैंकॉक में स्टॉक एक्सचेंज ने कारोबार स्थगित कर दिया है। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 7.2 और 7.0 रही। पहले दोनों ही भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर गहराई में था।

### पीएम मोदी ने जताई चिंता, भारत हरसंभव मदद करेगा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को म्यांमार और थाईलैंड में भूकंप पर चिंता जताते हुए कहा कि भारत हरसंभव सहायता देने के लिए तैयार है।



प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, म्यांमार और थाईलैंड में भूकंप के बाद की स्थिति से चिंतित हूं। सभी की सुरक्षा और खुशहाली के लिए प्रार्थना करता हूं। भारत हरसंभव सहायता देने के लिए तैयार है।

### 5वीं की परीक्षा में शहरी स्कूलों के करीब 89.15% ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में 93.97 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण

## गांव के बच्चों ने शहर के बच्चों को पछाड़ा, लड़कियां रहीं अव्वल



**भोपाल ■ प्रतिनिधि**

एमपी में कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। इस बार गांवों के बच्चों ने शहरी बच्चों को पीछे छोड़ा है। कक्षा 5वीं की परीक्षा में शहरी स्कूलों के करीब 89.15 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। जबकि ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में 93.97 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। यानि शहरी स्कूलों की अपेक्षा ग्रामीण स्कूलों में 4 प्रतिशत अधिक विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। वहीं 8वीं कक्षा में शहरी स्कूलों में 88.07 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों के 90.80 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए। जो शहरी क्षेत्रों से 2 प्रतिशत अधिक है। ज्वाइन डायरेक्टर राज्य शिक्षा केंद्र की जय श्री पिल्लई शर्मा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों का रिजल्ट अच्छा रहा। गांवों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी है।

सरकारी स्कूलों में कक्षा 5वीं में 93.24 प्रतिशत छात्र, निजी स्कूलों में 91.99 प्रतिशत और मदरसों के 76.83 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। इसी प्रकार कक्षा 8वीं में सरकारी स्कूलों के 89.13 प्रतिशत, प्राइवेट के 91.73 प्रतिशत और मदरसों के 67.72 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। 5वीं की बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट 92.70 प्रतिशत रहा, जो पिछले सत्र से लगभग 2 प्रतिशत अधिक है। इस बार 5वीं की बोर्ड परीक्षा में 11,17,961 विद्यार्थी शामिल हुए थे. इनमें 10,36,368 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। इसी प्रकार 8वीं की बोर्ड परीक्षा में 11,68,866 विद्यार्थी शामिल हुए थे, इनमें 10,52,256 विद्यार्थी पास हुए हैं। इस बार 8वीं की परीक्षा में 90.02 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। जो कि पिछले सत्र से करीब 3 प्रतिशत अधिक है।

### लड़कियों ने किया टॉप, ये संभाग रहे अव्वल

कक्षा 5वीं की परीक्षा में बालिकाओं ने टॉप किया। बालिकाओं के उत्तीर्ण होने का प्रतिशत 94.12 रहा। जबकि बालकों के उत्तीर्ण होने का प्रतिशत 91.38 रहा। यानि बालिकाओं की तुलना में करीब 3 प्रतिशत बालक कम उत्तीर्ण हुए। इसी प्रकार कक्षा 8वी में बालिकाओं के उत्तीर्ण होने का प्रतिशत 91.72 रहा। जबकि बालकों के उत्तीर्ण होने का प्रतिशत 88.41 रहा है. इसमें भी 3 प्रतिशत का अंतर है।

## अंतर्मना उवाच



बिलासपुर जिला रामपुर (उप्र) में प्रकृति के समक्ष प्रतिदिन की भांति खुले आसमान के नीचे भरी दोपहरी में तपोशिरोमणि अंतर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागर जी महाराज दोपहर की सामयिक करते हुए...

***मजाक और पैसा - सोच समझ कर उड़ाना चाहिए.. और धर्म-ध्यान-भक्ति को साहस के साथ करना चाहिए..!***

*धर्म-ध्यान और भक्ति के मार्ग में साहस की आवश्यकता है, क्योंकि **भक्ति, धर्म - ध्यान** - कमजोर, बुजदिल और डरपोक लोग नहीं कर सकते।*

- ***भक्ति का अर्थ है** - अपने आपको मिटाना।*
- ***धर्म का अर्थ है** - मन की सरलता, चित्त की निर्मलता और हृदय की पवित्रता।*
- ***ध्यान का अर्थ है** - स्वयं में स्वयं को देखना।*
- ***ध्यान का अर्थ है** - साहस, समर्पण और संकल्प। **भक्ति** समर्पण मांगती है। **ध्यान** - मैं को मिटाता है।*
- ***धर्म** - निश्छलता प्रदान करता है और जीवन के सभी दोषों को दूर करता है। **धर्म** - दोषों को दूर करने में संघर्ष करना सिखाता है।*
- ***धर्म ध्यान** - जीवन की बुराईयों से मुक्त करके शुद्ध करता है। क्योंकि जीवन में सम्पूर्ण बुराईयों की जड़ है तो वह जड़ है अहंकार।*

*क्योंकि - **यदि कभी आपने क्रोध भी किया तो वह अहंकार के कारण से किया...!!!***

■अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज

## विश्व में शहडोल के मिनी ब्राज़ील विचारपुर की हो रही चर्चा : शुक्ल

### उप मुख्यमंत्री ने फुटबॉल खिलाड़ियों को वितरित की खेल सामग्री



**भोपाल ■ प्रतिनिधि**

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि फुटबॉल मानसिक, शारीरिक संतुलन बनाने का खेल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शहडोल के मिनी ब्राज़ील के नाम से पहचान बना चुके विचारपुर का जिक्र कई मंचों पर किया है जहां पर खिलाड़ी 4 पीढ़ियों से फुटबॉल खेल रहे है। शुक्ल ने शहडोल के मिनी ब्राज़ील विचारपुर मैदान पहुंचकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी सपना गुप्ता,सानिया कुंडे सुहानी कोल सहित अन्य फुटबॉल खिलाड़ियों को किट, फुटबॉल सहित अन्य खेल सामग्री का वितरण किया। शुक्ल ने कहा कि मिनी ब्राज़ील विचारपुर के लगभग हर घर में राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी हैं जो राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर प्रदेश, संभाग, जिले का नाम रोशन कर रहे हैं यह विंध्य प्रदेश के लिए गौरव की बात है।

## ब्रिटेन संसद में उठा जलियांवाला बाग हत्याकांड मुद्दा, विपक्षी सांसद बोले- भारतीयों से माफी मांगे सरकार

**लंदन।** ब्रिटेन में विपक्षी खेमे- कंजर्वेटिव पार्टी के सांसद बॉब ब्लैकमैन ने बृहस्पतिवार को जलियांवाला बाग हत्याकांड की 106वीं वर्षगांठ से दो सप्ताह पहले, हाउस ऑफ कॉमन्स में मुद्दा उठाया। इस दौरान उन्होंने ब्रिटिश सरकार से मांग की कि वह हत्याकांड की सालगिरह से पहले भारत की जनता से औपचारिक रूप से माफी मांगे। हैरो ईस्ट के सांसद बॉब ने हाउस ऑफ कॉमन्स में बोलते हुए 13 अप्रैल, 1919 की घटना को याद किया, जब लोग अमृतसर में बैसाखी का त्योहार मनाने के लिए एकत्र हुए थे। ब्लैकमैन ने कहा, जनरल डायर ने वहां ब्रिटिश सैनिकों को भेजा और निर्दोष लोगों पर गोलियां चलाने का आदेश दिया, जब तक कि उनके पास गोला-बारूद खत्म न हो जाए। उस नरसंहार में 1,500 लोग मारे गए और 1,200 घायल हुए। उन्होंने कहा कि आखिरकार इस नरसंहार के लिए जनरल डायर को ब्रिटिश साम्राज्य पर लगे दाग के लिए बदनाम किया गया।



### दोनों सदनों की कार्यवाही एक अप्रैल तक स्थगित

## लोकसभा से माल परिवहन बिल पारित

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

संसद का बजट सत्र अपने आखिरी सप्ताह में प्रवेश कर गया है। संसद सत्र के दौरान काफी हंगामा देखने को मिला। आज दोनों सदनों में कई मुद्दों पर चर्चा की है, जिसके बाद दोनों सदन एक अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दिए गए हैं।



राज्यसभा में सांसदों के निजी तौर पर लाए गए गैर-सरकारी संकल्पों पर चर्चा चल रही है। सत्र के दौरान संसद के दोनों सदनों में शुक्रवार के दिन का कुछ समय गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों और संकल्पों पर विचार किया जाता है। लोकसभा में देश में हवाई किराये को विनियमित करने के लिए उचित उपाय सुनिश्चित करने के लिए सांसद शफी परम्बिल द्वारा लाए गए संकल्प पर चर्चा चल रही है। भारतीय बंदरगाह विधेयक 2025 लोकसभा में पेश कर दिया गया है। पोत परिवहन मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने यह विधेयक पेश किया। भारतीय बंदरगाह विधेयक का उद्देश्य बंदरगाहों से संबंधित कानूनों को मजबूत करना और एकीकृत बंदरगाह विकास को बढ़ावा देना है। साथ ही व्यापार में सुगमता लाना और भारत की तटीय रेखा का अधिक से अधिक इस्तेमाल करना है। इस विधेयक में मेरीटाइम स्टेट डेवलपमेंट काउंसिल को गठित करने का भी प्रावधान है, जिससे बंदरगाह क्षेत्र में विकास को बढ़ावा मिलेगा। राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ व्यापार सलाहकार समिति की बैठक से शुक्रवार को नाराज होकर चले गए।

### *संबल योजना अंतर्गत 23 हजार श्रमिक परिवारों के खातों में सिंगल क्लिक से अंतरित की 505 करोड़ की राशि*

## *मुश्किल वक्त में जरूरतमंद का सहारा है संबल योजना: सीएम यादव*

***भोपाल ■ प्रतिनिधि***

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि रोटी, कपड़ा और मकान जैसी मूलभूत आवश्यकताओं के अलावा भी ऐसी जरूरतें होती हैं, जिनके लिए धनराशि जरूरी होती है। प्रसूति, बीमारी, दिव्यांगता और किसी अपने को खो देने जैसे मुश्किल समय में कई बार हम स्वयं को असहाय महसूस करते हैं।*

*संबल योजना ऐसे ही मुश्किल वक्त में जरूरतमंद के आंसू पोछती है और उनको सहारा प्रदान करती है। राज्य सरकार प्रदेश के गरीब और श्रमिक वर्ग के कल्याण तथा उनका भाग्य बदलने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की भावना के अनुरूप अंत्योदय के कल्याण के संकल्प को प्रदेश में क्रियान्वित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना के अंतर्गत प्रदेश के 23 हजार 162 श्रमिक परिवारों के खातों में 505 करोड़ रूपए की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित करने के बाद परिवारों को मंत्रालय से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 5 हितग्राहियों से वर्चुअली संवाद कर उनके परिजन के निधन पर संवेदनाएं प्रकट की। कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल वर्चुअली शामिल हुए। प्रदेश के सभी जिलों, नगर निगमों, नगर परिषद और ग्राम पंचायतों के हितग्राही और जनप्रतिनिधि भी वर्चुअली जुड़े।*




### *हितग्राहियों को आयुष्मान भारत योजना में शामिल किया*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि संबल योजना में अब तक 6 लाख 58 हजार से अधिक परिवारों को 5 हजार 927 करोड़ रूपए से अधिक के हितलाभ दिए जा चुके हैं। राज्य सरकार ने गिग और प्लेटफार्म वर्कर्स को असंगठित श्रमिक मानते हुए 01 मार्च 2024 से उन्हें संबल योजना में उन्हें शामिल करने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की पहल पर सभी संबल हितग्राहियों को आयुष्मान भारत निरामयम योजना में शामिल किया गया है।*

## आई एम बीजेपी फ्यूचर फोर्स दो दिवसीय बूट कैंप आज से भोपाल में आयोजित होगा

**भोपाल।** भाजपा गैर-राजनीतिक पेशेवरों को सदस्य बनाने का कार्य कर रही है। इस अभियान के तहत युवा उद्यमियों, इंजीनियरों, डॉक्टरों, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और बुद्धिजीवियों जैसे विभिन्न पेशेवरों को पार्टी से जोड़ा जा रहा है। इस उद्देश्य को लेकर शनिवार से 'आई एम बीजेपी फ्यूचर फोर्स' बूट कैंप अभियान की शुरुआत की शुरुआत हो रही है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक लाख प्रोफेशनल्स को राजनीति से जोड़ने के विजन के तहत, आई एम बीजेपी फ्यूचर फोर्स बूट कैंप भाजपा के सदस्यता अभियान का विस्तार है। अब तक मध्यप्रदेश से 3,000 से अधिक प्रोफेशनल्स भाजपा से जुड़ चुके हैं और यह बूट कैंप इस अभियान को अगले स्तर पर ले जाने का प्रयास है। शर्मा ने बताया कि यह बूट कैंप 29 और 30 मार्च को भाजपा प्रदेश कार्यालय में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में सुबह 9 बजे पंजीकरण के साथ शुरू होगा।



## संक्षिप्त समाचार

### राजेश हिंगणकर को फिर सीएम के ओएसडी की कमान

**भोपाल।** राज्य शासन ने हाल ही में भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों के तबादला आदेश जारी किए हैं, जिसमें मुख्यमंत्री के ओएसडी राकेश गुप्ता को संचालक खेल पदस्थ किया है। ऐसे में उनके स्थान पर राजेश हिंगणकर को मुख्यमंत्री कार्यालय में पुलिस संबंधी कार्यों (जो कार्य राकेश गुप्ता देखते थे) की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राजेश हिंगणकर भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी रहते भी यह जिम्मेदारी संभाल चुके थे। पिछले साल अक्टूबर 2024 में वे सेवानिवृत्त हो चुके हैं। सरकार ने उन्हें 1 नवंबर 2024 से मुख्यमंत्री कार्यालय में ओएसडी के पद पर संविदा नियुक्ति दे रखी हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने संविदा नियुक्ति के आदेश जारी किए थे। यह पहली बार है कि मुख्यमंत्री कार्यालय में संविदा पर पदस्थ विशेष कर्तव्यस्थ अधिकार को पुलिस से संबंधी कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### रहवासी क्षेत्रों में शराब दुकान खोलने का विरोध

**भोपाल।** राजधानी में रहवासी क्षेत्रों के पास शराब दुकानें खोलने का विरोध शुरू हो गया है। बावडियाकलां चौक में शराब दुकान खोलने के विरोध में लोग सडक़ पर उतर गए। उनका कहना था कि जिस जगह दुकान खोली जा रही है, उससे सिर्फ 50 मीटर दूर ही अस्पताल और रहवासी इलाका है। वहीं, मंदिर होने से लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही है। यहां पर दुकान के लिए स्ट्रक्चर तैयार हो रहा है। जैसे ही लोगों को यहां दुकान खुलने की खबर मिली, वे एकजुट होकर विरोध करने लगे। कॉलोनी के महिला-पुरुष मैदान में उतर गए। उनका कहना था कि अस्पताल और धार्मिक स्थलों के पास शराब की दुकान खोलना न केवल नियमों का उल्लंघन है बल्कि यह सामाजिक माहौल को भी बिगाड़ सकता है। रहवासियों ने कहा कि कॉलोनी के गेट के पास ही शराब दुकान खोली जा रही है। यह फैसला न सिर्फ गलत है, बल्कि सरकार की मंशा के भी खिलाफ है। लोगों ने प्रशासन से इस दुकान को खुलने से रोकने की मांग की है। वहीं, चेतावनी दी कि यदि इसे हटाया नहीं गया तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे। इधर, मालवीय नगर स्थित पत्रकार भवन के सामने भी शराब की दुकान खोलने का विरोध रहवासी कर रहे हैं। उन्होंने पार्षद पप्पू विलास को आवेदन सौंपा। इस पर पार्षद का समर्थन भी रहवासियों को मिला है। इस संबंध में आबकारी कंट्रोलर एचएस गोयल ने बताया कि 1 अप्रैल से नए ठेके दिए गए हैं। जहां से आपत्ति आएगी, उस पर चर्चा करके दूर किया जाएगा।

### रेरा अध्यक्ष एपी श्रीवास्तव के खिलाफ जांच पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

**भोपाल।** मप्र रेरा अध्यक्ष एपी श्रीवास्तव के खिलाफ चल रही जांच पर सर्वोच्च न्यायालय ने आज सुनवाई के दौरान रोक लगा दी है। साथ ही रेरा अध्यक्ष की जांच के मामले में मुख्य सचिव, विधि विभाग मप्र, रजिस्ट्रार जनरल मप्र उच्च न्यायालय को नोटिस जारी किया गया है। इस मामले में अब अगली सुनवाई 2 अप्रैल को होना है। रेरा अध्यक्ष को हटाने के लिए पिछले कुछ महीनों से प्रक्रिया चल रही है। रेरा अध्यक्ष पर आरोप लगाए गए। इसकी जांच मप्र उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एमएस भट्टी द्वारा की जा रही है। रेरा अध्यक्ष एपी श्रीवास्तव एवं रेरा मप्र इस जांच को लेकर सर्वोच्च न्यायालय में रिट याचिका लगाई। जिसमे आधार लिया गया कि उनको येन-केन प्रकारेण रेरा अध्यक्ष के पद से हटाने के लिए जांच की जा रही है। रेरा अध्यक्ष के खिलाफ जिस तरह से जांच बैठाई गई, उसमें रेरा अधिनियम एवं रेरा नियमों का उल्लंघन हुआ। एपी श्रीवास्तव की ओर से सर्वोच्च न्यायालय में तर्क दिया कि उनको हटाने के पीछे बिल्डर एवं व्यापम लॉबी का हाथ है।

### कर्मयोगी भाव, भावनाओं के साथ प्रतिबद्ध प्रयास समय की जरूरत-राज्यपाल पटेल

# प्रदेश राष्ट्र नीति के संकल्प पथ पर प्रतिबद्धता के साथ बढ़ रहा : मुख्यमंत्री

### राजभवन में कर्मयोगी बने कार्यशाला का हुआ शुभारम्भ

भोपाल ■ निसं

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश इतिहास के ऐसे पड़ाव पर पहुंच गया है, जहां से साफ दिख रहा है कि 21वीं सदी भारत की सदी होगी। कर्मयोगी भाव, भावनाओं के साथ विकसित भारत के लिए प्रतिबद्ध प्रयास समय की जरूरत है। कर्मयोग दैनिक जीवन में उच्चतर उद्देश्य के लिए आगे बढ़ने का वह रास्ता है जो व्यक्तिगत उन्नति के साथ समाज सुधार और सेवा का प्रभावी साधन है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश राष्ट्र नीति के संकल्प पथ पर प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहा है। हमारी विभिन्न भाषाए, बोलियां, मनोभाव और मूकभाव सभी संस्कृति के वह आभूषण है, जिन पर हमें गर्व है। प्रदेश में अन्य भाषाओं तमिल, तेलुगू आदि पढ़ने वाले विद्यार्थियों को प्रदेश में प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मिशन कर्मयोगी के लिए राष्ट्रीय विशेषज्ञों को शामिल करते हुए कमेटी बनाई जाएगी।

यह बातें राज्यपाल पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज राजभवन के सांदीपनि सभागार में आयोजित कार्यशाला के शुभारंभ कार्यक्रम में कही। कार्यशाला का आयोजन राजभवन मध्यप्रदेश द्वारा उच्च शिक्षा विभाग, निजी विश्वविद्यालय नियामक आयोग और यूनाइटेड कॉन्शियसनेस के सहयोग से किया गया था।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव के.सी. गुप्ता और अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन ने छिंदवाड़ा के पारंपरिक बुनकरों द्वारा तैयार उत्तरीय परिधान और पुष्प-गुच्छ से स्वागत किया। कार्यशाला में उप कुलपति जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय प्रोफेसर शांतिधुलीपुड़ी पंडित, मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय नियामक आयोग के अध्यक्ष भरत शरण सिंह, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी के संचालक अशोक कड़ेल, आयुक्त उच्च शिक्षा निशांत बरबड़े भी मंचासीन थे।




#### कर्मयोगी कार्य संस्कृति को बनायें सशक्त

राज्यपाल पटेल ने कहा कि आज हमारे देश ने ज्ञान, विज्ञान, अर्थव्यवस्था सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति की है। दुनिया में भारत की नई पहचान और साख बनी है। हमारा देश ऐसे मोड़ पर है, जहां से एकजुट और एकमत प्रयासों से राष्ट्र विकास की नई इबारत लिखी जा सकती है। उन्होंने कहा कि 4-5 दशक पूर्व आज के विकसित राष्ट्रों में भी ऐसे ही मोड़ आए थे। नागरिकों के कर्तव्यनिष्ठ और समर्पित प्रयासों से राष्ट्र का स्वरूप बदल दिया। राज्यपाल पटेल ने कहा कि विकसित भारत निर्माण के लिए कर्मयोगी, भावी पीढ़ी का निर्माण शिक्षकों का दायित्व है। उन्होंने कहा कि आज की दुनिया में कर्मयोगी बनने के लिए काम की प्रकृति चाहें जो भी हो, व्यक्तिगत लाभ की इच्छा, परिणाम, सफलता और असफलता किसी की भी चिंता किए बिना लगातार कार्य करना होगा।

#### कार्य शाला कर्मवाद के पुर्नजागरण की पहल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कर्मयोगी कार्य शाला का आयोजन अद्भुत है। कार्यक्रम का भाव और भावना अभूतपूर्व है। सौभाग्य की बात है कि 5 हजार वर्ष पूर्व प्रदेश की धरती से शिक्षित कर्मयोगी के कर्मवाद का पुनर्जागरण प्रदेश से ही हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर्मयोगी ऋषि परंपरा का अक्षरक्ष-प्रतिरूप है। प्रधानमंत्री जी के मनोभावों के आधार पर सुशासन के दृष्टिगत होने वाले सभी सुशासन के प्रयोगों को अंतिम कड़ी तक पहुँचाने का प्रयास मिशन कर्मयोगी है। निष्काम भाव, अहंकार से मुक्त बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय के लिए निरंतर कार्य करना ही कर्मयोग है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति की विशालता अद्भुत है, जो अतिरंजित बातों को भी सुन लेती है। सही, अच्छी बातों को सद्भावना के साथ लेकर आगे चलती है। इसी लिए आज दुनिया भारतीय दर्शन से प्रेरणा प्राप्त कर रही है।

### सबनानी ने किया वार्ड 46 में रोड़ डामरीकरण कार्य का भूमि पूजन

## सबनानी ने कहा कि सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास हमारा मूल मंत्र है



भोपाल ■ निसं

दक्षिण-पश्चिम विधानसभा में निरंतर विकास की गंगा बह रही है, शुक्रवार को क्षेत्र के वार्ड 46 में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक भगवानदास सबनानी द्वारा रोड डामरीकरण कार्य का भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन से पहले सबनानी पांच नंबर स्थित विश्वनाथ मंदिर में दर्शन करने गए और राम दरबार के दर्शन किए सभी प्रदेशवासियों की सुख शांति की प्रार्थना की। भूमि पूजन के अवसर पर श्री सबनानी ने कहा कि सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास हमारा मूल मंत्र है और इसी मंत्र के द्वारा हम क्षेत्र के सुदृढ़ बुनियादी ढांचे और जनकल्याण हमारी प्राथमिकता है, हमारी पूरी विधानसभा में विकास हो और सभी को अपने क्षेत्र में उसका लाभ मिल सके इसके लिए मैं सदा प्रयत्नशील रहता हूं, हमारे माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा भी जनता की सुविधाओं के विस्तार के लिए हमें अतिरिक्त राशि दी गई है जिनके द्वारा क्षेत्र में विकास लगातार हो रहे हैं और अभी हाल ही में जीआईएस समिट के द्वारा भी हमारी विधानसभा को कई सौगातें मिली हैं। मैं आप सभी से कहना चाहूंगा कि होने वाले कार्यों का ध्यान आप लोग भी रखें और उनकी गुणवत्ता पर नजर रखें। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष प्रियेश उपाध्याय मंडल अध्यक्ष सोनू पालीवाल मंडल अध्यक्ष मुकेश देहाडे जोन अध्यक्ष एवं पार्षद ब्रजुला सचान पूर्व पार्षद आसाराम शर्मा पूर्व पार्षद राजेश खटीक पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रभान यादव नन्दू सनसाने सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से विश्व विख्यात बिजनेस कंसलटेंट, लेखक तथा वक्ता डॉ. रामचरण ने समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डॉ. रामचरण को प्रदेश में व्यवसाय अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने, प्रदेश को वैश्विक व्यापार मंचों पर आकर्षक निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करने और वैश्विक स्तर पर प्रदेश की निवेश क्षमता के प्रदर्शन के लिए जारी गतिविधियों से अवगत कराया।

### विधायक डॉ. अलावा ने सीएम को पत्र लिखकर की मांग

**भोपाल।** जयस के राष्ट्रीय संरक्षक और मनावर विधायक डॉ. हिरालाल अलावा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर सहकारी समितियों में फसल ऋण जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 अप्रैल तक करने का आग्रह किया है। विधायक ने बताया कि वर्तमान में रबी की फसलें गेहूं, चना और मक्का अभी खेतों में खड़ी हैं। कुछ फसलों की कटाई का काम जारी है। प्रदेश में गेहूं खरीदी वर्ष 2025-26 का कार्य भी चल रहा है। किसान पंजीयन के माध्यम से केंद्रों पर स्लॉट बुक कराकर अपनी उपज तौल रहे हैं। समस्या यह है कि किसानों को गेहूं उपज की राशि 28 मार्च तक नहीं मिल पाई है। कई किसान अपना केवाईसी लोन सहकारी समितियों में जमा नहीं कर पा रहे हैं।

## नामदेव समाज का दो दिवसीय सम्मेलन आज से

भोपाल ■ निसं

नामदेव समाज विकास परिषद मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा जवाहर चौक स्थित 12 दफ्तर के सामने संत नामदेव सामुदायिक भवन में दो दिवसीय 29-30 मार्च 2025 को सर्व दर्जी (नामदेव) समाज सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। जिसमे भारतवर्ष के लगभग 15 राज्यों से दर्जी समाज के प्रतिनिधि भाग लेंगे। कार्यक्रम में परम श्रृधेय गुरु महाराज ज्ञानेश्वर तुलसीदास नामदास (संत शिरोमणी नामदेव जी महाराज के वंशज पंडलपुरधाम, महाराष्ट्र) से आशीर्वाद देने हेतु पधार रहे है। सम्मेलन में 29 मार्च 2025 को प्रात: 8 बजे से कलश यात्रा का शुभारंभ महापौर श्रीमति मालती राय की उपस्थिति में (जवाहर चौक स्थित हनुमान मंदिर से संत नामदेव सामुदायिक भवन तक) संपन्न होगा। साथ ही भवन के प्रथम थल पर नवनिर्मित तीन कमरों का लोकार्पण दिनांक 29 मार्च 2025 को दोपहर 12 बजे विधायक दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र भोपाल भगवानदास सबनानी के मुख्य अतिथ्यि में होगा।संत नामदेव सामुदायिक भवन परिसर में नवनिर्मित मंदिर में संत नामदेव जी महाराज की मूर्ति स्थापना दिनांक 30 मार्च 2025 को सांसद मोपाल आलोक शर्मा के मुख्य अतिथ्यि में संपन्न होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष इंजी. अरुण नामदेव करेंगे। साथ ही सामाजिक विचार गोष्ठी एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन भी किया जाएगा।

30 मार्च 2025 रविवार प्रात: 6 बजे पूजन अर्चन एवं संकीर्तन, प्रात: 8 बजे से मूर्ति स्थापना पूजन कार्यक्रम, प्रात: 11 बजे से संतों एवं आंगतुकों का सम्मान एवं विचार गोष्ठी, दोपहर 1 बजे मुख्य अतिथि का आगमन, सर्व दर्जी समाज सम्मेलन समारोह, शाम 5 बजे युवक युवती परिचय सम्मेलन, शाम 7 बजे आभार।



#### कार्यक्रम की रूप रेखा

दिनांक 29 मार्च 2025 शनिवार प्रात: 8 बजे कलश यात्रा जवाहर चौक स्थित हनुमान मंदिर से संत नामदेव सामुदायिक भवन तक निकाली जाएगी, प्रात: 9 बजे से हवन पूजन, प्रात: 11 बजे से बच्चों की सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं, दोपहर 2 बजे से महिलाओं की रंगोली एवं अन्य प्रतियोगिता, शाम 7 बजे से संत नामदेव जी के जीवन पर फिल्म का प्रदर्शन एवं संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा।

### रमजान की रौनक...ईद की आहट...बाजार गुलजार

## आधी रात तक मुस्लिम बहुल इलाकों में रौनक, जमकर हो रही है खरीदारी, विद्युत सज्जा से जगमगा रही हैं मस्जिदें

भोपाल ■ निसं

आज मुस्लिम समाज ने 28वां रोजा रखा है। रमाजान मुकम्मल होने के साथ अब ईद की आहट और खुशियां रोजेदारों के चेहरों पर झलकने लगी हैं। मुस्लिम बहुल क्षेत्रों के बाजारों में रात 2 बजे तक रौनक बनी हुई है। समाज की ईद चांद नजर आने पर मनाई जाएगी। शहर के मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में इन दिनों देर रात तक चहल-पहल बनी हुई है। यहां लगने वाले बाजार में ईद की रौनक अपने शबाब पर है। मस्जिदों की मीनारों से बिखरती रोशनी और बाजारों की जगमगाहट त्योहार के रंग बिखेर रही है। हर तरफ रोशनी, खुशबू और खरीदारी का माहौल है। युवा सूरमा और इत्र लगाते नजर आ रहे हैं तो कुछ बेल्ट और घड़ियों की खरीदी में जुटे हैं। कई बाजार तो सहरी तक खुले रहते हैं। इफ्तार के बाद लोग खरीदारी के लिए निकलते हैं। सुबह 3 बजे तक चहल-पहल बनी रहती है। दुकानदार दोपहर 12 बजे के बाद फिर से अपनी दुकानें खोलते हैं।



**सेंवइयों और मिठाइयों की दुकानों पर भीड़:** ईद पर खास पकवान बनाए जाते हैं, जिनमें सेंवइयां, खीर और शीर -खुरमा प्रमुख हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए मुस्लिम समाजजन मेवे, दूध, ड्राईफ्रूट्स और मिठाइयों की खरीदारी कर रहे हैं। दुकानदारों के मुताबिक भुनी हुई सेंवइयों की सबसे ज्यादा मांग हो रही है। ईद की विशेष नमाज के लिए मस्जिदों में स्थानीय समितियां मिलकर सजावट और अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटी हैं, ताकि नमाजी आराम से ईद की नमाज अता कर सकें।

**इत्र-सूरमे की मांग:** बाजारों में सूरमे की बिक्री बढ़ गई है। लोग नमाज से पहले अच्छी क्वालिटी का सूरमा खरीद रहे हैं। बाजार और गलियों में इत्र की भीनी खुशबू फैली हुई है।

### ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की अपील पर रामेश्वर शर्मा बोले

## वक्फ की जमीन से केवल दो-चार-दस परिवार पलते रहे इससे काम नहीं चलेगा

भोपाल ■ निसं

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की अपील पर मध्य प्रदेश में सियासी बयानबाजी भी तेज हो गई है। इस पर भारतीय जनता पार्टी के विधायक रामेश्वर शर्मा ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पता नहीं काली पट्टी बांधकर दुआ कबूल होगी या नहीं। ईद के मौके पर खुश रहने का संदेश देते हुए कहा कि मिठी ईद है, मिठा खाओ, मीठा बोलो।

भोपाल की हुजूर सीट से भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि वक्फ की जमीन से केवल दो-चार-दस परिवार पलते रहे। इससे काम नहीं चलेगा। करोड़ों मुसलमान जो दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं, पंचर की दुकान, हाथ ठेला, कबाड़ी का धंधा कर रहे, जिनके पास शिक्षा का, ईलाज का साधन नहीं, रहने का मकान नहीं, अगर मोदी जी ने उन गरीब मुसलमानों का सोचा तो क्या गलत किया। आज लाखों एकड़ वक्फ की जो भूमि पड़ी है उस पर गरीब मुसलमानों का मकान बनाए जाएं, शॉपिंग कॉम्पलेक्स, शिक्षा के लिए स्कूल, कॉलेज, अस्पताल खोले जाएं, इस बात से बड़े मुसलमान लीडर या जो मुसलमानों के नाम पर राजनीति कर अपना पेट भरते हैं, उनको थोड़ा दर्द जरूर होगा। अब जिनके पेट में दर्द होगा उन्हें हाजमा की गोली दी जाएगी पर गरीबों का कल्याण जरूर होगा। शर्मा ने यह भी कहा कि मस्जिद, दरगाह या कब्रिस्तान का कोई भी कब्जा नहीं छीना जाएगा।

### साइबर कमांडो रोकेंगे हैकिंग और जालसाजी

## कमांडो के पहले बैच का छह माह का प्रशिक्षण 31 को हो रहा है पूरा



भोपाल ■ निसं

मप्र में साइबर अपराध के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। तू डाल-डाल मैं पात-पात की तर्ज पर साइबर अपराधी लोगों के साथ ही पुलिस को भी ठग रहे हैं। ऐसे में साइबर जालसाजों के नेटवर्क और हैकिंग को रोकने के लिए मप्र में अब साइबर कमांडां तैनात किए जाएंगे। मप्र के लिए साइबर कमांडो के पहले बैच का छह माह का प्रशिक्षण 31 मार्च को पूरा हो रहा है।

जानकारी के अनुसार जिस तरह देश में आतंकी घटनाओं से लेकर वीवीआईपी की सुरक्षा में कमांडो तैनात रहते हैं, उसी तरह साइबर हमले से निपटने, साइबर जालसाजों के नेटवर्क का राजफाश करने के लिए प्रदेश में कमांडो पदस्थ होंगे। अप्रैल से छह कमांडो काम करने लगेंगे। मप्र के लिए साइबर कमांडो के पहले बैच का छह माह का प्रशिक्षण 31 मार्च को पूरा हो रहा है। बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देशभर में अलग-अलग बैच में मिलाकर पांच हजार कमांडो तैनात करने का निर्णय लिया है। साइबर कमांडो कई मामलों में लोगों की सुरक्षा करेंगे। उनका पहला काम होगा साइबर सुरक्षा।

#### दूसरे बैच में 39 पुलिसकर्मियों को भेजा जाएगा

पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों ने बताया कि दूसरे बैच में प्रदेश के 39 पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा। परीक्षा के बाद इनका चयन भी हो चुका है। जल्द ही यह तय हो जाएगा कितने पुलिसकर्मियों को कहां प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा। प्रशिक्षण लिए जाने वालों में आरक्षक से लेकर उप पुलिस अधीक्षक स्तर तक के अधिकारी शामिल हैं।

### शेयर मार्केट में इन्वेस्ट करने का झांसा देकर करते थे कई लोगों से ठगी

# ठगोरों को फर्जी अकाउंट बेचने वाले पांच आरोपी पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र से गिरफ्तार

भोपाल ■ निसं

साइबर क्राइम ब्रांच भोपाल की टीम ने शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह को बैंक खाता उपलब्ध कराने वाले पांच आरोपियों को बिहार पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच एडीसीपी शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया की राजधानी में रहने वाले फरियादी आनंद सिंह (परिवर्तित नाम) ने 28 जुलाई 2024 को लिखित शिकायत करते हुए बताया की अप्रैल 2024 माह के आखिर में अज्ञात व्यक्ति ने उसे व्हाट्सअप ग्रुप सी57 एक्सेल स्टूडेंट में जोड़ा था। उसके बाद उस ग्रुप में शेयर मार्केट में रकम इन्वेस्ट करने के नाम पर बात हुई। अलग- अलग चार मोबाइल नंबर पर व्हाट्सएप कॉलिंग के जरिये महिला से इन्वेस्ट के संबंध में बात होने पर उसने बताया की हमारी कंपनी एक्सेल में रकम इन्वेस्ट करने पर कम समय में अधिक प्रॉफिट कमाया जा सकता है। उसके बाद शेयर मार्केट में इन्वेस्ट करने के लिये उस महिला के द्वारा फरियादी को एसीवीवीएल ऑनलाइन नामक एप्लीकेशन की लिंक भेजी। उस लिंक को डाउनलोड करने पर उसे उपयोग करने के लिए यूजर नेम और पासवर्ड दिया गया था। पैसे जमा करने के लिये वाट्सअप पर अकाउंट नंबर दिया जाता था। और उस अकाउंट में रकम जमा करने पर जमा की रसीद व्हाट्सअप ग्रुप एक्सेल अकाउंट ओपनिंग ग्रुप 580 पर भेजी जाती थी। उनके जाल में फंसे फरियादी ने 21 मई 2024 से 5 जुलाई 2024 तक 1 करोड़ 22 लाख 50 हजार रुपये जमा कर दिये थे। ।इसके बाद जब फरियादी ने वॉलेट से अपनी मुनाफे की रकम निकालनी चाही तब उसे बताया गया कि प्रॉफिट का 20 प्रतिशत आपको जमा करना होगा तब आप अपना पैसा निकाल सकेंगे। इस तरह शातिरो ने फरियादी से शेयर मार्केट में इन्वेस्ट के नाम पर एक करोड़ 22 लाख से अधिक की ठगी कर ली। शिकायत मिलने पर पुलिस ने तकनीकी जॉंच करते हुए धोखाधड़ी में इस्तेमामल किये गये व्हाटसएप मोबाइल नंबर, एक्सेल ऑनलाइन नाम के एप्लीकेशन, जिन बैंक खातों में रकम जमा की गई उन एकांउट की जॉच के बाद मामला कायम किया गया।



#### ऐसे पकड़ मे आये खाता देने वाले शातिर

साइबर क्राईम जिला भोपाल की टीम ने तकनीकी एनालिसिस के दौरान पर हाथ लगे सुरागो के आधार पर ठगी की रकम जमा कराने के लिये इस्तेमाल किये गये फर्जी बैंक खातो को बेचने वाले आरोपियों मुस्तफा मुशारफ हुसैन पिता अल्ताफ हुसैन, निहार आलम पिता जहांगीर आलम ओर आशीफुल हक पिता अमीनुर हक को कूच बिहार से और तामस गणेश शेडमाके पिता गणेश शेडमाके , पिन्टू सुरेश सिंह बैस पिता सुरेश सिंह बैंस को नागपुर महाराष्ट्र से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से टीम ने 6 मोबाइल, 19 सिम कार्ड, 12 एटीएम, 2 चेकबुक , 1 बैंक पासबुक सहित अन्य दस्तावेज जप्त किये है।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला एवं अपर सत्र न्यायालय से बलात्कार का आरोपी दोषमुक्त

**सिवनीमालवा।** जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती तबस्सुम खान ने छेड़छाड़ और बलात्कार के आरोपी को साक्ष्य मे विसंगति पाए जाने पर दोषमुक्त किया। वर्ष 2021 मे थानांतर्गत ग्राम सतवासा के एक छेड़छाड़ और बलात्कार के मामले मे प्रकरण मे सुनवाई करते हुए अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों मे विसंगति पाए जाने पर आरोपी रामकृष्ण को धारा 354(क),354(घ),342, 376,456, 376 एवं 506 भादवी से दोषमुक्त कर दिया। प्रकरण मे महिला ने घर घुसकर छेड़छाड़ और बलात्कार किये जाने की रिपोर्ट थाने मे की थी। जिस पर पुलिस ने विभिन्न धाराओ मे प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायालय में प्रस्तुत किया था। प्रकरण मे सुनवाई करते हुए न्यायाधीश श्रीमती खान ने साक्ष्यों मे विसंगतिया होने पर आरोपी को दोषमुक्त कर दिया।

### सी.एम.एच.ओ. ने देखी आशापुर सेक्टर में आयुष्मान की प्रगति

**खण्डवा ।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने शुक्रवार को विकासखण्ड खालवा के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आशापुर का भ्रमण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने उपस्थित मेडिकल ऑफिसर को सेक्टर अंतर्गत ग्रामों का भ्रमण कर धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत व 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनवाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निरोगी काया अभियान के साथ-साथ अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों की नियमित रुप से समीक्षा करें और ग्रामीण क्षेत्र में भ्रमण कर उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी लेवें। उन्होंने भर्ती प्रसूता महिला से चर्चा कर स्वास्थ्य की जानकारी ली। इसी क्रम में ग्राम खेड़ी में सी.एच.ओ., ए.एन.एम. व आशा कार्यकर्ता द्वारा बनाए जा रहे आयुष्मान कार्ड की रिपोर्ट भी ली।

### गांव में लगी आग, 13 एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख

**सिवनी।** सिवनी के खटकर गांव में शुक्रवार सुबह भीषण आग लगने से किसान मतीन पटेल की 13 एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। घटना सुबह 11 बजे की है। जब अचानक खेत में आग भड़क उठी और कुछ ही मिनटों में फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत पुलिस, राजस्व विभाग और दमकल विभाग को सूचना दी। दमकल की टीम और स्थानीय किसानों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक पूरी फसल नष्ट हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही राजस्व विभाग के पटवारी मौके पर पहुंचे और फसल के नुकसान का जायजा लिया। वहीं, पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। आशंका है कि आग बिजली के शॉर्ट सर्किट, किसी चिंगारी या तेज गर्मी की वजह से लगी हो सकती है। इस आगजनी से किसान मतीन पटेल को भारी नुकसान हुआ है। क्योंकि उनकी पूरी गेहूं की फसल बर्बाद हो गई। स्थानीय लोगों और किसान संगठनों ने प्रशासन से अविलंब उचित मुआवजा देने की मांग की है।

ग्राम गुलाईमाल में शिविर आयोजित कर फौती नामांतरण एवं बंटवारे की कार्यवाही करें

# आदेश का उल्लंघन करने पर ग्राम रायपुर के सचिव व जी.आर.एस. को नोटिस जारी करें - कलेक्टर

### कलेक्टर गुप्ता ने विभिन्न ग्राम पंचायतों में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

खंडवा ■ निसं



कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने शुक्रवार को खालवा विकासखण्ड के ग्राम रायपुर, गुलाईमाल, धामा ग्राम पंचायत में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, खाद्यान्न, पेयजल, खाद एवं स्कूल जैसी गांव की मूलभूत सुविधाओं की समस्याओं के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर गुप्ता ने स्कूल में बच्चों को मिलने वाले मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली। साथ ही गांव में हितग्राहियों को मिलने वाले खाद्यान्न वितरण के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से सेम एवं मेम के बच्चों की जानकारी ली और कहा कि आंचल अभियान के अंतर्गत सेम व मेम बच्चों को गांव के प्रबुद्धजनों को गोद दिलाकर पोषण आहार जैसे कि दूध, गुड़, चना, प्रोटीन पाउडर आदि उपलब्ध करायें, जिससे बच्चों के पोषण स्तर में सुधार आ सके।

कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि गर्भवती महिलाओं, धात्री महिलाओं एवं युवतियों को उचित मूल्य दुकान से मिलने वाले चावल खिलाएं, क्योंकि इस चावल में आयरन की मात्रा ज्यादा होती हैं, इससे खून की कमी दूर होती है। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि घर में उपयोग में आ रहे नलों में टोटी जरूर लगाएँ एवं पानी का सदुपयोग करें, पानी को व्यर्थ न बहने दें।

कलेक्टर गुप्ता ने ग्राम रायपुर में ग्रामीणों से पेयजल समस्या के बारे में जानकारी ली। जिस पर ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार द्वारा पेयजल के लिए पाइप लाइन बिछाई गई थी। उसके बाद रोड रेस्टोरेशन का कार्य नहीं किया गया। साथ ही चेंबर के ढक्कन बंद नहीं किए एवं सीमेंट की स्टेंड पोस्ट भी नही लगाई गई है। जिस पर कलेक्टर गुप्ता ने संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही हेंड ओवर करने की कार्यवाही किसके हस्ताक्षर से हुई इसकी जांच करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारी को दिए। उन्होंने ग्राम के सचिव को 100 वॉल्व खरीदने के निर्देश दिए एवं कहा कि जो गरीब लोग हैं उन्हें वॉल्व दिए जाएं और जो सम्पन्न लोग है उन्हें वॉल्व लगाने के लिए कहें। उन्होंने पानी का दुरूपयोग करने वालों पर जुर्माना लगाने को कहा। पूर्व में जिन गांवों में नल की टोटी नहीं हैं, वहां टोंटियाँ लगवाने तथा पानी को व्यर्थ बहाने वालों पर जुर्माना लगाने के आदेश जारी किए गए थे।

सचिव व जी.आर.एस. को इस आदेश का उल्लंघन करने पर कलेक्टर गुप्ता ने नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर गुप्ता ने ग्राम रायपुर में एम.पी.आर.डी.सी. के रोड पर जहां भी स्कूल एवं आंगनवाड़ी केंद्र है वहां पर स्पीड ब्रेकर बनाने को कहा, ताकि कोई दुर्घटना न हो। इसके अलावा ग्रामीणों ने गांव में नाली निर्माण एवं रोड निर्माण की मांग की, जिस पर कलेक्टर गुप्ता ने गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने यूरिया की कमी के बारे में भी जानकारी दी, जिस पर उन्होंने संबंधित को जांच करने के निर्देश दिए।

हितग्राहियों को सिंगल क्लिक डी.बी.टी. के माध्यम से हितलाभ वितरण किया गया

## नपा सभाकक्ष में संबल योजना की अनुग्रह सहायता राशि वितरण कार्यक्रम का लाईव प्रसारण किया



सिवनी मालवा ■ निसं

स्थानीय नगर पालिका के सभा कक्ष में शुक्रवार के दिन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल 2.0) योजना की अनुग्रह सहायता राशि वितरण कार्यक्रम सिंगल क्लिक कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रसारित किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के अनुग्रह सहायता के हितग्राहियों को सिंगल क्लिक डी.बी.टी. के माध्यम से हितलाभ वितरण किया गया।जिसमें नगरपालिका अध्यक्ष रितेश जैन, मुख्य नगरपालिका अधिकारी अमर सिंह ऊईके एवं पार्षद ईश्वरदास जमींदार, श्रीमती किरण राठौर,दीपक बाथव एवं पार्षद प्रतिनिधि अखिलेश खेमचंद चौकसे, तुलसीराम कुशवाहा एवं भाजपा कार्यकर्ता कमलेश लौवंशी, प्रदीप अग्रवाल , हितग्राहियों एवं अधिकारी/कर्मचारियों की उपस्थिति में पात्र हितग्राहियों को सह सम्मान आमंत्रित कर सिंगल क्लिक के माध्यम से लाभांवित किया गया।

### इनको लाभान्वित किया गया

- अनिता कुशवाहा/ स्वीकृत राशि- 400000,
- रितेश प्रजापति/स्वीकृत राशि- 200000
- ललित कुमार/स्वीकृत राशि- 200000
- अशोक कुमार विश्वकर्मा/स्वीकृत राशि- 200000
- राजेश धन्यासे/स्वीकृत राशि- 200000
- शेख आबिद/स्वीकृत राशि- 200000

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुड्डन पाण्डेय के नेतृत्व में कलेक्टर के नाम ज्ञापन एसडीएम परिहार को सौंपा

सिवनी मालवा ■ निसं



शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुड्डन पाण्डेय, नगर कांग्रेस अध्यक्ष स्वदेश शर्मा के नेतृत्व में कलेक्टर के नाम ज्ञापन एसडीएम सरोज सिंह परिहार को सौंपा। जिसमे कहा गया कि तहसील के अंतर्गत विगत दिवस पंचमुखी वेयर हाउस पर जिस तरह से किसान की उपज धर्मकांटे/तोलकाँटों में सेटिंग करके चोरी की गई। ऐसे ही नगर के अधिकांस खरीदी केन्द्रों पर किसानो की उपज उनकी आँख के सामने ही चोरी की जा रही है। वही जिनको जांच करना चाहिए वे सिर्फ खानापूर्ति कर रहे है।

हमारी मांग है की सिवनी मालवा के सभी खरीदी केन्द्रों पर लगे धर्मकांटे/तोलकाँटों की जांच की जाए। साथ ही विगत दिवस जो घटनाक्रम ग्राम कोठरा के वेयर हाउस में हुआ है जिसमे समिति प्रबन्धक ने किसानो को लिखित में अधिक लिया माल वापस करने का दिया गया है। जिससे स्पष्ट है की तौल में गड़बड़ी की गई थी। उसकी जांच कर समिति प्रबन्धक तथा वेयर हाउस संचालक पर एफआईआर दर्ज की जाए।

जिससे की आगे से किसी भी खरीदी केंद्र पर इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति ना हो। यदि जल्द ही सभी खरीदी केन्द्रों के तौलकाँटों की जांच नापतौल विभाग द्वारा नहीं की जाती है तो कांग्रेस के द्वारा किसानों के सम्मान में उग्र आन्दोलन किया जाएगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस अवसर पर कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष गुड्डन पाण्डेय,मध्य प्रदेश कांग्रेस महासचिव केलु उपाध्याय, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राधेश्याम पटेल,सेवादल जिला अध्यक्ष जितेंद्र सोलंकी,नगर कांग्रेस अध्यक्ष स्वदेश शर्मा,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय पटेल, गोपाल शर्मा,आनंद रघुवंशी मुकेश रघुवंशी,पार्षद दीपक दीक्षित,सुरेश सूर्यवंशी,विकास पाठक,सुमित पटेल किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सावन यादव, हैरिसन स्वामी,आकाश दार समन्वयक युवक कांग्रेस,सचिन लोवंशी, लवी मासी, पिंटू रघुवंशी हरिओम रघुवंशी, रामशंकर कुशवाहा, महेश बरखेड़िया,सचिन मालाकार, अंकित मालवीय,गौरव कातिया,शंकर लाल रघुवंशी,विकास पवार,रूपेश कौशल,शुभम यादव,आयुष केवट आदि कार्यकर्ता सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्त्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### अशोक नगर जिला अस्पताल में शॉर्ट सर्किट से विस्फोट

**अशोकनगर।** अस्पताल में पुरानी और कम एम्पीयर की केबल लगी होने के कारण शॉर्ट सर्किट की घटनाएं लगातार हो रही हैं। विस्फोट के वक्त वार्ड में 10 नवजात बच्चे भर्ती थे, जिन्हें स्टाफ नर्सों और पालकों ने तुरंत दूसरे वार्ड में शिफ्ट कर जान बचाई। अशोक नगर में जिला अस्पताल में गुरुवार को बड़ा विस्फोट हुआ। यहां शॉर्ट सर्किट की वजह से एसएनसीयू में जोरदार धमाका हुआ। गनीमत रही कि इस धमाके के बाद भी एक बड़ा हादसा होने से टल गया। नर्स और स्टाफ ने अपनी जान पर खेलकर दस मासूम बच्चों को बचा लिया। सबसे बड़ा सवाल ये है कि हर साल इसी अस्पताल में आखिर इतनी बड़ी लापरवाही क्यों हो रही है। इस धमाके की वजह शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। पहले बिजली के तार में स्पार्किंग हुई और उसके बाद चिंगारी ने ऑक्सीजन केबल डैमेज कर दिया। जिला अस्पताल में पुराने और काम एमपीयर की केबल लगी हुई है। इस कारण आए दिन यहां शॉर्ट सर्किट की घटनाएं सामने आ रही हैं।

## आयुष्मान भारत योजना के तहत दिलीप सिंह का हुआ निःशुल्क ऑपरेशन



खंडवा ■ निसं

दिलीप पिता अनारसिंह उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम रामटेक, खिड़कियां, जिला हरदा के रहने वाले हैं। वे अपने गाँव से चारवा 28 फरवरी की रात मेले में जा रहे थे। रास्ते में दुर्घटना होने से वे बुरी तरह जख्मी होकर गड्ढे में गिर गये। उन्हें अनजान लोग 108 एंबुलेंस से गंभीर अवस्था में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खिड़कियां लेकर गए।

वहाँ पर प्राथमिक इलाज करने के पश्चात 29 फरवरी को हरदा के लिए रेफर कर दिया। हरदा में 2 दिन भर्ती रहने के बाद इंदौर या भोपाल ले जाने की सलाह दी, लेकिन उनके पिताजी इंदौर या भोपाल नहीं ले जाना चाहते थे। वे दिलीप को श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय सह नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय खंडवा लेकर आए। जहाँ पर डॉ. धर्मेंद्र पाटिल हड्डी रोग विशेषज्ञ को दिखाया। उन्होंने एक्स-रे, इ.सी.जी., ब्लड एवं अन्य सभी जाँचें करवाई। उसके पश्चात बताया गया कि उनके सीधे पैर की हड्डियां बुरी तरह से टूट चुकी हैं, जिसका ऑपरेशन करना पड़ेगा। उन्हें ट्रामा सेंटर में 1 मार्च 2025 को एडमिट किया। ऑपरेशन जटिल होने के कारण पहले इलाज एवं पट्टा बांधकर रखा। उसके पश्चात 24 मार्च 2025 को उनके पैर का सफलता पूर्वक ऑपरेशन डॉ. धर्मेंद्र पाटिल सर्जरी रोग विशेषज्ञ, डॉ सीमा, एवं टीम द्वारा किया गया।

उन्हें आयुष्मान भारत योजना के तहत सभी उपचार निःशुल्क प्राप्त हुआ है। अब वे पूरी तरह से स्वस्थ हैं एवं ट्रामा सेंटर में स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ले रहे हैं। दिलीप सिंह ने बताया कि उन्हें अस्पताल में दवाइयां, नाश्ता एवं भोजन समय पर मिल रहा है, साथ ही डॉ. व अन्य स्टाफ द्वारा अच्छी देखभाल की जा रही है।




**खंडवा ।** जिला पंचायत परिसर खंडवा में भारतीय क्रत्रिम अंग निर्माण निगम लिमिटेड (एलिम्को) द्वारा एस.बी.आई के माध्यम से सी.एस.आर योजनांतर्गत शुक्रवार को दिव्यांगजनों को उपकरणों का वितरण किया गया, जिसमें मुख्यत मोटराईज्ड ट्रायसिकल 25, ट्रायसिकल 16, बैशाखी 36, व्हील चेयर 17, स्मार्ट फोन 4, सुगम्य केन 7, छडी 14, श्रवण यंत्र 4, टीएलएम किट 1 एवं वाकर 3 इस प्रकार कुल 127 उपकरणों का वितरण किया गया। उक्त शिविर का आयोजन माह जनवरी 2025 में किया गया था, जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पंधाना, जनपद पंचायत खंडवा में चिन्हांकित हितग्राहियों को इस शिविर में शामिल किया गया, जिसमें कुल 74 हितग्राहियों को 127 उपकरण प्रदाय किये गये ।

## जिला अस्पताल में इलाज कराना है तो पहले टोकन बनवाओ, फिर बनेगा ओपीडी का पर्चा

सीहोर ■ निसं

सीहोर जिला अस्पताल में जिले भर से बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए आते हैं। जबकि टोकन सिस्टम व्यवस्था में एक काउंटर होता है। जहां एक कर्मचारी टोकन बनाता है, इससे भीड़ बढ़ती जाती है। जिला अस्पताल में इलाज कराना है तो पहले टोकन बनवाओ, फिर ओपीडी का पर्चा बनेगा। ओपीडी पर्चा बनवाने के लिए लागू की गई टोकन व्यवस्था से मरीज और उनके परिजन काफी परेशान हैं। इस प्रक्रिया में काफी समय लग जाता है। इसके चलते कई बार मरीजों की हालत काफी बिगड़ जाती है और परिजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में टोकन व्यवस्था का लोग विरोध कर रहे हैं और इसे बंद कर सीधे पर्चा बनवाने की मांग कर रहे हैं।

जिला अस्पताल सीहोर में टोकन व्यवस्था के माध्यम से मरीजों के ओपीडी पर्चे बनाए जाते हैं। लाइन में लगी बुजुर्ग जम्मा बाई का कहना है कि इस प्रक्रिया में मरीजों को काफी देर यहां खड़ा रहना पड़ता है, वह परेशान होते हैं और उनका समय भी बर्बाद होता है।

### बंद होना चाहिए टोकन व्यवस्था

लाइन में लगे युवक सर्वेश ने कहा कि यह व्यवस्था बंद होना चाहिए। लोगों के लिए यह बड़ी दुखदायी साबित हो रहा है। यहां आने वाले मरीज और उनके परिजन टोकन व्यवस्था को बंद करने की मांग उठा रहे हैं। यहां पर जिले भर से बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए आते हैं, जबकि टोकन सिस्टम व्यवस्था में एक काउंटर होता है, जहां एक कर्मचारी टोकन बनाता है, इससे भीड़ बढ़ती जाती है। कई बार नेटवर्क की समस्या होती है, तो कई बुजुर्ग और ग्रामीण ऐसे भी आते हैं, जिनके पास मोबाइल ही नहीं होता। ऐसे मरीजों के साथ बड़ी समस्या खड़ी हो जाती है। अब टोकन सिस्टम मरीजों के लिए परेशानी का सबब बन गया है।

डॉ. कामिनी जैन के मार्गदर्शन में

## किशोरों का लैंगिक सामाजिक करण विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया



नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय नर्मदापुरम महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना वर्ष 2025 कैलेंडर के अनुसार प्रतिमाह आयोजित विभिन्न जागृति गतिविधियों के तारतम्य में प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन के मार्गदर्शन में किशोरों का लैंगिक सामाजिक करण विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया एवं छात्राओं को सचिन हरि द्वारा निर्देषित ''छू ले आसमान'' डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। इसके पश्चात मुख्यवक्ता रिपुसुदन सिंह कुशवाहा एवं कार्यक्रम के संयोजक डॉ. हर्षा चचाने, कंचन ठाकुर, डॉ. रीना मालवीय, डॉ. रफीक अली ने अपनी गरिमामई उपस्थिति प्रदान की एवं कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती जी के पूजन अर्चन अतिथि स्वागत के बाद किया गया।

डॉ.कामिनी जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान किशोरों का लैंगिक सामाजिकरण अतिआवष्यक है जिसे पुरूषों एवं महिलाओं के बीच पाई जाने वाली असमानता को दूर किया जा सकता है। बच्चों को जन्म से ही उन्हें वैसी ही औपचारिक शिक्षा देनी चाहिए जो उनकी मानसकिताओ को एक दूसरे के प्रति समानता का भाव रखने के लिए प्रेरित करती हो एवं समाज में महिलाओं और लड़कियों के प्रति सम्मान और समानता को बढ़ावा देने के लिए समाज को आगे आना होगा। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. कंचन ठाकुर ने बताया कि सामाजिकरण एक सिखने की प्रक्रिया है जो निरंतर जीवन पर्यंत चलती रहती है। लैंगिक असमान्ता एक गंभीर मुद्दा है जो समाज में महिलाएं और लड़कियों के प्रति भेदभाव को बढ़ावा देता है, जिसे समाप्त करने के लिए हमें आगे आने की अवश्यकता है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रिपुसुदन सिंह कुशवाहा यूनिटेक संस्थान नर्मदापुरम के निदेशक ने अपने वक्तव्य में किशोरों का लैंगिक सामाजिकरण प्रति गणित के अंकों द्वारा अर्थ को स्पष्ट करते हुए किशोरों कि आयु का निर्धारण कैसे किया जाता है स्पष्ट करते हुए लैंगिक समानता पर सामाजिक, आर्थिक एवं रोजगार में आने वाली समस्याओं के निराकरण के उपाय प्रस्तुत किए।

नगर पालिका ने 311 करोड़ का बजट किया पेश

# सीवन नदी के सौंदर्यीकरण और सीवेज का काम होगा शुरू

सीहोर ■ निसं



नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि शहर को महानगर की तर्ज पर विकसित करने के लिए हम पूरी तरह से एकजुट है। इसके अंतर्गत विशेषकर मुख्य रूप से शहर में नवीन सड़क, नाली, जलप्रदाय, सौंदर्यीकरण और स्वच्छता आदि पर विशेष ध्यान दिया गया है।

सीहोर शहर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास का बजट बनाया गया है। इसमें नागरिकों की हर सुविधा का ध्यान रखा गया है। करीब 311 करोड़ से अधिक के बजट में सबसे ज्यादा 52 करोड़ अमृत योजना मिशन 2.0 के तहत खर्च होंगे। उक्त विचार शहर के नगर पालिका के सभाकक्ष में प्रस्तावित बजट वित्तीय वर्ष 2025-26 का सर्व सम्मिति से पेश करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहे।

नपा अध्यक्ष राठौर ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार के आशीर्वाद से शहर को महानगर की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि भूजल स्तर गिरता जा रहा है, इसके लिए अब भवन निर्माण में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की शर्त अनिवार्य करने के अलावा एक राष्ट्र एक चुनाव का प्रस्ताव भी पारित किया गया है। वाटर हार्वेस्टिंग का सिस्टम प्रदेश और देश के लिए भी जरूरी है। बजट बैठक के दौरान सभापति अजय पाल राजपूत ने बजट पेश किया।

### शहर को महानगर की तर्ज पर विकसित करने के लिए हम पूरी तरह से एकजुट

नगर पालिका अध्यक्ष राठौर ने कहा कि शहर को महानगर की तर्ज पर विकसित करने के लिए हम पूरी तरह से एकजुट हैं, जिसके अंतर्गत विशेषकर उक्त नवीन प्रस्तावित कार्य है तथा मुख्य रूप से शहर में नवीन सड़क, नाली, जलप्रदाय, सौंदर्यीकरण और स्वच्छता आदि पर विशेष ध्यान दिया गया है। इस बजट को तैयार करने के लिए बीते दिनों शहरवासियों के अलावा जनप्रतिनिधियों और परिषद के साथियों से सलाह भी ली गई। इसी सलाह के आधार पर नगर पालिका का बजट पेश किया गया। बजट में निर्माण, सफाई, पथ-प्रकाश और पेयजल की व्यवस्था में विस्तार के लिये बल दिया गया है।

### एक राष्ट्र एक चुनाव की अवधारणा

नपाध्यक्ष राठौर ने बैठक में एक राष्ट्र एक चुनाव की अवधारणा पर विचार विमर्श करने के लिए पार्षदों को आमंत्रित किया। वहीं, पार्षदों ने एक राष्ट्र एक चुनाव पर एकमत होने की बात कही। पार्षदों ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव से राजनीतिक स्थिरता रहेगी, जिससे राष्ट्र निर्माण के लिए दीर्घकालीन योजना को बनाने के लिए नीति, निर्धारण में अनावश्यक विलंब नहीं होगा। मतदाताओं में भी जागरूकता व उत्साह बढ़ेगा। निश्चित रूप से लोकतंत्र को सशक्त किया जा सकेगा।

## अनमोल वचन

जब तक आप खुद पर विश्वास नहीं करते तब तक आप भगवान पर विश्वास नहीं कर सकते। – **स्वामी विवेकानंद**

राजा, गुरु, मित्र की पत्नी तथा सास माता के समान होती है। इनसे अवैध संबंध रखने वाला महापापी होता है। – **चाणक्य**

## सम्पादकीय

### किम जोंग के एआई हथियार से अमेरिका सहित दुनिया के देश दहशत में

उत्तर कोरिया के बहुचर्चित तानाशाह किम जोंग उन ने एआई की मदद से घातक परमाणु हथियार बनाने का दावा किया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जिस तरह की दादागिरी दिखा रहे हैं, उससे निपटने के लिए अब उत्तर कोरिया के तानाशाह ने भी कमर कस ली है। किम जोंग उन ने अमेरिकी तानाशाह ट्रंप को चुनौती देते हुए कहा है, कि वह अमेरिका का मुकाबला हर तरह से करने के लिए तैयार है। किम जोंग ने एआई तकनीकी के माध्यम से आत्मघाती परमाणु ड्रोन तैयार किए हैं। जो वर्तमान में काफी घातक साबित हो रहे हैं। उत्तरी कोरिया की आधिकारिक समाचार एजेंसी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी के अनुसार, आधुनिक हथियारों के विकास में मानव रहित उपकरण और एआई तकनीकी को उत्तर कोरिया सरकार द्वारा विशेष महत्व दिया जा रहा है। उत्तर कोरिया के इस दावे से अमेरिका सहित दुनिया के अधिकांश देशों में एक नया डर देखने को मिल रहा है। न्यूज़ एजेंसी के अनुसार किम जोंग ने नए उन्नत जासूसी ड्रोन का निरीक्षण और परीक्षण का कार्य पूर्ण कर लिया है। उत्तर कोरिया का यह अत्याधुनिक ड्रोन जमीन और समुद्र पर दुश्मन के ठिकानों की गतिविधियों पर नजर रखने के साथ-साथ जरूरत पड़ने पर हमला करने में सक्षम है। उत्तर कोरिया में जो नए हथियार तैयार किए हैं, वे समुद्र, पृथ्वी और हवा तीनों में परीक्षण के दौरान प्रभावी साबित हुए हैं। उत्तर कोरिया स्मार्ट ड्रोन के निर्माण में तेजी लाई गई है। नवीन तकनीकी के हथियारों का निर्माण सर्वोच्च राष्ट्रीय प्राथमिकता में रखा गया है। न्यूज़ एजेंसी ने इन हथियारों की तस्वीर भी जारी की है। ड्रोन किस तरह से, टैंक और बड़े-बड़े हथियारों पर हमला करते हैं, इसका विस्फोट करते हुए वीडियो में दिखाया गया है। उत्तर कोरिया में निर्मित छोटे-छोटे स्मार्ट ड्रोन बड़े से बड़े लड़ाकू विमानों और समुद्री जहाजों को नेस्तो-नाबुत कर सकते हैं। उत्तर कोरिया ने जो नए हथियार तैयार किए हैं। उससे उत्तर कोरिया की हवाई रक्षा प्रणाली काफी मजबूत हो गई है। खुद की सुरक्षा करने और आक्रमण करने की दिशा में पहले की तुलना में उत्तर कोरिया ज्यादा सक्षम हो गया है। उत्तर कोरिया द्वारा निर्मित आत्मघाती ड्रोन, रूस और यूक्रेन के युद्ध में अजमाये जा चुके हैं। यह सटीक निशाना लगाते हैं। इन हथियारों के इस्तेमाल से जहां इनका उपयोग किया गया वहां पर काफी विध्वंस देखने को मिला है। पिछले कुछ वर्षों से उत्तर कोरिया और रूस के बीच में सैन्य सहयोग काफी तेजी के साथ बढ़ा है। अमेरिका और यूरोप के देशों ने उत्तर कोरिया के ऊपर प्रतिबंध लगा रखे हैं। ऐसी स्थिति में उत्तर कोरिया अपने बचाव को लेकर इन दिनों काफी सजग है। उत्तर कोरिया से मिले हथियारों के कारण रूस की स्थिति यूक्रेन में युद्ध में काफी बेहतर है। यूक्रेन के साथ युद्ध में रूस उत्तर कोरिया में बने ड्रोन एवं अन्य हथियारों का इस्तेमाल कर रहा है। उत्तर कोरिया अपने नवनिर्मित परमाणु एआई हथियार ड्रोन का परीक्षण यूक्रेन में कर चुका है। जिसके कारण उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग का आत्मविश्वास इन दिनों काफी बढा हुआ है। जिस तरह से किम जोंग ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को चेतावनी दी है। उसके बाद अमेरिका बौखला गया है। उत्तर कोरिया का मुकाबला अमेरिका किस तरह से करेगा। इसको लेकर अमेरिका अपनी नई रणनीति बना रहा है। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग का आतंक पहले ही था। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जिस तरह से तानाशाहपूर्ण रवैया अपना रहे हैं, उससे विश्व के देशों के साथ अमेरिका के संबंध खराब होते चले जा रहे हैं। आर्थिक मंदी के इस दौर में जिस तरह की स्थितियां वैश्विक स्तर पर बन रही हैं, उसने अधिकांश देशों की चिंता को बढ़ा दिया है।

## चिंतन-मनन

### दूर करें अध्यात्म विद्या का अभाव

अध्यात्म विद्या के विषय में अधिकांश भौतिक विद्वान शिक्षा को ही विद्या मान बैठते हैं। वे विद्या और शिक्षा के अंतर को भी समझने में असमर्थ हैं जबकि विद्या और शिक्षा में धरती और आसमान का अंतर है। इस विषय को स्पष्ट करते हुए महात्मा परमचेतनानंद ने अपने प्रवचन में कहा कि शिक्षा शब्द शिक्ष धातु से बना है जिसका अर्थ है सीखना। भौतिक शिक्षा अनुकरण के द्वारा सीखी जाती है जिसका संबंध ज्ञानेन्द्रियों, कर्मेंद्रियों व मन बुद्धि तक सीमित है। इसके अतिरिक्त विद्या शब्द विद् धातु से बना है जिसका अर्थ है जानना अर्थात् वास्तविक ज्ञान।

यह ज्ञान स्वयं अंदर से प्रकट होता है, इसे ही अध्यात्म ज्ञान कहा जाता है। इसे आत्मा की गहराई में पहुंचने पर ही जाना जाता है। शिक्षा के विद्वान अहंकार से ग्रसित होते हैं, उनमें विनम्रता का अभाव होता है जबकि विद्या का प्रथम गुण विनम्रता है। विद्या वास्तव में मानव की मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है। इस अध्यात्म विद्या से मानव निष्काम कर्म योगी बनता है जो सभी को समान भाव से देखता है। पहले निष्काम कर्म योगी को ही प्रजा अपना राजा चुनती थी। वे अपने पुत्र तथा अन्य प्रजा के साथ समान रूप से न्याय करते थे। आज के असमय में अध्यात्म विद्या का अभाव होने के कारण राजा और प्रजा दोनों ही अशांत हैं फिर भी इसे ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जबकि अध्यात्म विद्या के वेत्ता तत्वदर्शी संत आज भी मौजूद हैं।

# संविधान के नाम पर कांग्रेस का दोहरा रवैया दुर्भाग्यपूर्ण

> मुस्लिम तुष्टिकरण के लिये कांग्रेस सरकारें अपने-अपने राज्यों में अतिश्योक्तिपूर्ण घोषणाएं एवं योजनाएं लागू करती रही हैं, कर्नाटक में भी वहां के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने सरकार का बजट पेश करते हुए मुस्लिमों के लिए कई घोषणाएं की। सीएम ने एलान किया कि सार्वजनिक निर्माण अनुबंधों में से 4 प्रतिशत अब श्रेणी-प्प् बी के तहत मुसलमानों के लिए आरक्षित होंगे। सरकार ने कहा कि मुस्लिम लड़कियों के लिए 15 महिला कॉलेज खोले जाएंगे। इसका निर्माण वक्फ बोर्ड की ही जमीन पर किया जाएगा, लेकिन सरकार इस पर पैसा खर्च करेगी।

**– ललित गर्ग**

कांग्रेस एक बार फिर संविधान को लेकर विवादों से घिर गयी है। संविधान के संबंध में कांग्रेस का दोहरा रवैया एवं चरित्र एक बार फिर देश के सामने आया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अक्सर हाथ में संविधान की प्रति लेकर भाजपा पर इसे बदलने का आरोप लगाते रहे हैं। लोकसभा चुनाव के समय अपनी हर सभा में इस आरोप को दोहराते रहे कि अगर भाजपा फिर से सत्ता में आई तो संविधान बदल कर आरक्षण खत्म कर देगी, इसका भाजपा को नुकसान भी उठाना पड़ा है, लेकिन आपको यह जानकर हैरानी होगी कि भाजपा पर संविधान बदलने का आरोप लगाने वाली कांग्रेस आज खुद संविधान बदलने की बात कर रही हैं। दरअसल, कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार ओबीसी कोटा के तहत पिछड़े मुस्लिमों को आरक्षण देने जा रही है, सार्वजनिक निर्माण अनुबंधों में मुसलमानों को 4 प्रतिशत आरक्षण के संदर्भ में जब उप- मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार को यह याद दिलाया गया कि संविधान के तहत मजहब के आधार पर आरक्षण देना मुमकिन नहीं है, तब उन्होंने इशारा किया कि आरक्षण देने के लिए जरूरी बदलाव किए जाएंगे। शिवकुमार के इस बयान के बाद कर्नाटक से लेकर दिल्ली तक फिर संविधान बचाने का सियासी अभियान हावी हो गया है। इस बार भाजपा आक्रामक है और उसने फिलहाल इसे एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बना दिया है। इस वर्ष बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव का यह अहम मुद्दा बन जाये तो कोई आश्चर्य नहीं है।

मुस्लिम तुष्टिकरण के लिये कांग्रेस सरकारें अपने-अपने राज्यों में अतिश्योक्तिपूर्ण घोषणाएं एवं योजनाएं लागू करती रही हैं, कर्नाटक में भी वहां के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने सरकार का बजट पेश करते हुए मुस्लिमों के लिए कई घोषणाएं की। सीएम ने एलान किया कि सार्वजनिक निर्माण अनुबंधों में से 4 प्रतिशत अब श्रेणी-प्प् बी के तहत मुसलमानों के लिए आरक्षित होंगे। सरकार ने कहा कि मुस्लिम लड़कियों के लिए 15 महिला कॉलेज खोले जाएंगे। इसका निर्माण वक्फ बोर्ड की ही जमीन पर किया जाएगा, लेकिन सरकार इस पर पैसा खर्च करेगी। मौलवियों को 6000 मासिक भत्ता देने की भी व्यवस्था इस बजट में की गई है। कर्नाटक सरकार के बजट में दलितों और पिछड़ों के कल्याण के लिए समुचित बजट आवंटित नहीं हुआ लेकिन मुस्लिम तुष्टिकरण के चलते मुस्लिमों के लिये लुभावना बजट आवंटित किया गया है। जबकि सरकारों का काम किसी धर्म एवं समुदाय विशेष का तुष्टिकरण न होकर सभी समुदायों का पुष्टीकरण होना चाहिए। जब संविधान में धर्म आधारित आरक्षण का निषेध किया गया है तो फिर जानबूझकर कर्नाटक में कांग्रेस सरकार द्वारा इसे सूचीबद्ध करके विधि सम्मत क्यों बनाया जा रहा है? दरअसल, भाजपा और कांग्रेस, दोनों देश की प्रमुख पार्टियों को यह एहसास हो चला है कि संविधान इस देश में बहुत संवेदनशील विषय है और इस पर लोग कतई समझौता नहीं करेंगे। संविधान केवल न्यायिक या वैधानिक दस्तावेज नहीं है, बल्कि वह भारत की जनता की आशाओं एवं आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है। इस अर्थ में यह देश के जन-जन के मन का दस्तावेज है। संविधान भारत में सभी नागरिकों के लिए दिग्दर्शक तत्व है। इसलिए, प्रश्न यह उठता है कि जब संविधान इतना स्पष्ट है तो क्या संविधान की मूल भावना पर केवल राजनीतिक स्वार्थ के लिए आघात करना स्वस्थ लोकतंत्र का लक्षण है? दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस पवित्र ग्रंथ पर भी विपक्षी दल एवं कांग्रेस अत्यंत निकृष्ट राजनीति करती जा रही है। जो कांग्रेस शासन में रहते हुए कभी संविधान का सम्मान नहीं कर सकी, वह आज विपक्ष में बैठकर यह भ्रम फैलाने में लगी है कि मोदी सरकार संविधान को खत्म कर देगी। सच तो यह है कि कांग्रेस जैसे दल आज अपने मूल राजनीतिक विचार को खो बैठे हैं। कांग्रेस अपने गांधीवादी विचार और समाजवादी पार्टी जैसे दल समाजवाद और राम मनोहर लोहिया के मूलभूत विचारों को भूल चुके हैं। संविधान को आधार बनाकर विपक्षी दल जनता को विभाजित करने, मुस्लिम तुष्टिकरण एवं राजनीतिक स्वार्थ की रोटियां सेंकने बाज नहीं आ रहे हैं। आश्चर्य नहीं, कांग्रेस ने संविधान को लेकर जो हथियार चलाया था, वही हथियार कर्नाटक में स्वयं कांग्रेस के विरुद्ध चला गया है। अब इससे होने वाले नुकसान का भान होते ही कांग्रेस तत्काल बचाव में लग गई। वैसे, शिवकुमार के स्पष्टीकरण के बावजूद भाजपा इस मुद्दे पर निशाना साध रही है, तो संकेत साफ है, वह सियासत का मौका जाने नहीं देना चाहेगी। वह संविधान बदलने और न बदलने पर फिर से गर्म हुई राजनीति को ठंडा नहीं होने देगी। बीते लोकसभा चुनाव में जहां भाजपा निशाने पर थी, वहीं इस बार कांग्रेस निशाने पर आ गई है। लोकसभा-राज्यसभा में एवं इस वर्ष बिहार में होने वाले चुनावों में भाजपा कांग्रेस पर आक्रामक रहेगी। अब तो तीर कमान से निकल चुका है, भले ही अब कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री शिवकुमार सफाई देने में लगे हैं कि उनके बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया और वह संविधान में बदलाव का प्रस्ताव कभी नहीं रखेंगे। स्पष्ट है कि हमारा संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण का पक्षधर नहीं है। डॉ. भीमराव आंबेडकर भी ऐसे आरक्षण के हिमायती नहीं थे। संविधान सभा में एकमत के साथ यह तय हुआ था कि धर्म के आधार पर कोई आरक्षण नहीं दिया जाएगा।

# वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 किस तरह चिंताओं और मुद्दों का समाधान करता है

> वक्फ संशोधन विधेयक 2024, वक्फ संपत्तियों में कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार और अतिक्रमण के लंबे समय से चले आ रहे मुद्दों का समाधान करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण विधायी कदम है। ये प्रस्तावित संशोधन पारदर्शिता बढ़ाने, कानूनी स्वामित्व सुनिश्चित करने और वक्फ बोर्डों के भीतर जवाबदेही व शासन के लिए एक मजबूत तंत्र स्थापित करने पर केंद्रित हैं। वक्फ संपत्ति प्रबंधन में मुख्य चिंता उचित पहचान और डिजिटलीकरण की कमी रही है। यह विधेयक धारा 54 और 55 के प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करता है, जो अतिक्रमण की रोकथाम से संबंधित हैं। वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, यह विवादित संपत्तियों से संबंधित मुकदमों के शीघ्र निपटारे के साथ-साथ ऐसी सभी संपत्तियों की पहचान और डिजिटलीकरण को अनिवार्य बनाता है।

**–हर्ष रंजन, वरिष्ठ पत्रकार**

वक्फ संपत्तियां समुदाय के कल्याण के लिए होती हैं और यह कल्याण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा या धार्मिक उद्देश्यों से जुड़ा हो सकता है। हालांकि, जमीन हड़पने, फर्जी दावों और राजनीतिक रूप से जुड़े व्यक्तियों द्वारा दुरुपयोग के मामलों ने चिंताएं बढ़ा दी हैं। गरीबों की मदद करने के बजाय, इन संपत्तियों का इस्तेमाल अक्सर निजी लाभ के लिए किया जाता रहा है। यह नया विधेयक सुनिश्चित करता है कि वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा की जाए और उनका इस्तेमाल इच्छा के मुताबिक किया जाए। वक्फ संशोधन विधेयक 2024, वक्फ संपत्तियों में कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार और अतिक्रमण के लंबे समय से चले आ रहे मुद्दों का समाधान करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण विधायी कदम है। ये प्रस्तावित संशोधन पारदर्शिता बढ़ाने, कानूनी स्वामित्व सुनिश्चित करने और वक्फ बोर्डों के भीतर जवाबदेही व शासन के लिए एक मजबूत तंत्र स्थापित करने पर केंद्रित हैं। वक्फ संपत्ति प्रबंधन में मुख्य चिंता उचित पहचान और डिजिटलीकरण की कमी रही है। यह विधेयक धारा 54 और 55 के प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करता है, जो अतिक्रमण की रोकथाम से संबंधित हैं। वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, यह विवादित संपत्तियों से संबंधित मुकदमों के शीघ्र निपटारे के साथ-साथ ऐसी सभी संपत्तियों की पहचान और डिजिटलीकरण को अनिवार्य बनाता है। इस तरह डिजिटल रिकॉर्ड रखने से अनधिकृत दावों और फर्जी लेनदेन पर अंकुश लगेगा। यह भी सुनिश्चित होगा कि वक्फ संपत्तियों का उपयोग उनके इच्छित धर्मार्थ और धार्मिक उद्देश्यों के लिए किया जा सके। 2013 में संशोधित वक्फ की मौजूदा परिभाषा, किसी भी व्यक्ति को वक्फ के रूप में संपत्ति दान करने की अनुमति देती थी, जिससे कई धोखाधड़ी वाले दावे होते थे। संशोधन विधेयक 2013 से पहले की स्थिति को बहाल करता है, जिसमें यह आवश्यक है कि केवल इस्लामी आस्था का व्यक्ति जो संपत्ति का कानूनी मालिक है, वह इसे वक्फ के रूप में घोषित कर सकता है, इसके साथ ही यह भी आवश्यक है कि वह कम से कम पांच साल से इस्लाम को मानता आया हो। यह उपाय संदिग्ध दान को रोकेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि केवल वास्तविक धार्मिक बंदोबस्ती को ही मान्यता दी जाए। यह प्रावधान उन मामलों को खत्म कर देगा जहां मूल मालिक के पास कानूनी स्वामित्व नहीं होने के बावजूद संपत्तियों को वक्फ के रूप में गलत तरीके से दावा किया गया था।



एक अन्य महत्वपूर्ण सुधार उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ प्रावधान को हटाना है, जो पहले संपत्तियों को दीर्घकालिक उपयोग के आधार पर वक्फ के रूप में नामित करने की अनुमति देता था। इस प्रावधान के कारण कई मामले सामने आए थे जहां सरकारी स्वामित्व वाली संपत्तियों सहित अन्य कई संपत्तियों को गलत तरीके से वक्फ के रूप में वर्गीकृत किया गया था। इस संशोधन के तहत, केवल औपचारिक वक्फ विलेख वाली संपत्तियों को ही वक्फ के रूप में मान्यता दी जाएगी, ताकि अनधिकृत दावों को रोका जा सके। हालांकि, उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ के तहत मौजूदा पंजीकृत वक्फ संपत्तियों को संरक्षित किया जाएगा, जब तक कि वे विवाद में न हों या सरकारी स्वामित्व वाली न हों, जिससे सामुदायिक हितों और सार्वजनिक संपत्ति अधिकारों के बीच संतुलन बना रहे। वक्फ बोर्डों द्वारा संपत्तियों के गलत तरीके से अधिग्रहण को रोकने के लिए विधेयक में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि वक्फ के समान उद्देश्यों के लिए मुसलमानों द्वारा स्थापित लेकिन अन्य वैधानिक प्रावधानों के तहत विनियमित ट्रस्टों को वक्फ संपत्ति नहीं माना जाएगा। यह स्पष्टीकरण स्वतंत्र मुस्लिम धर्मार्थ ट्रस्टों के प्रशासन में वक्फ बोर्डों द्वारा अनुचित हस्तक्षेप को रोकेगा।

यह विधेयक वक्फ बोर्डों के भीतर प्रशासनिक अक्षमताओं को भी दूर करता है। रिकॉर्ड को डिजिटाइज़ करने और उन्हें वक्फ मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल पर अपलोड करने में विफलता एक प्रमुख मुद्दा रहा है। संशोधन में कहा गया है कि सभी वक्फ संपत्तियों को छह महीने के भीतर ऑनलाइन पंजीकृत किया जाना चाहिए ताकि अधिक पारदर्शिता और सुगमता सुनिश्चित हो सके। एक और मुख्य चिंता, गलत तरीके से सरकारी संपत्तियों को वक्फ संपत्ति के रूप में घोषित करने की है, जैसा कि दिल्ली में 123 वक्फ संपत्तियों और सूरत नगर निगम से जुड़े विवादों के मामलों में देखा गया है। इसका मुकाबला करने के लिए धारा 3सी में प्रावधान है कि पहले या वर्तमान में वक्फ के रूप में घोषित की गई कोई भी सरकारी संपत्ति तब तक वक्फ की नहीं मानी जाएगी जब तक कि किसी नामित अधिकारी द्वारा सत्यापित न हो। राज्य सरकार द्वारा नियुक्त यह अधिकारी जांच करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि सरकारी संपत्ति सुरक्षित है। विधेयक में लंबित वक्फ सर्वेक्षणों की जिम्मेदारी कलेक्टर के अधिकार क्षेत्र में स्थानांतरित करने का भी प्रस्ताव है, जो प्रक्रिया को पूरा करने के लिए राज्य के राजस्व कानूनों का पालन करेंगे। यह सुधार सुनिश्चित करेगा कि वक्फ संपत्ति सर्वेक्षण अधिक कुशलतापूर्वक और बिना किसी पक्षपात के किए जाएं। जवाबदेही की कमी, शक्ति का दुरुपयोग और बाहरी पक्षों के साथ मिलीभगत के लिए राज्य वक्फ बोर्डों की आलोचना की गई है।

# भारत में गर्मी का जल्दी आना और लू का बढ़ना

**– डॉ. सत्यवान सौरभ**

इट्रो- बढ़ते तापमान से कृषि, जल संकट, सार्वजनिक स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। फरवरी में असामान्य रूप से अधिक गर्मी, रात के तापमान में वृद्धि, समुद्री तापमान का असर और शहरी हीट आइलैंड प्रभाव इस समस्या को और गंभीर बना रहे हैं। इसका असर शिक्षा, श्रम उत्पादकता और खाद्य सुरक्षा पर भी पड़ रहा है। भारत में लू की घटनाएँ जलवायु परिवर्तन के कारण तेज़ी से बढ़ रही हैं। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, मैदानी इलाकों में जब तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो जाता है और यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है, तो इसे लू के रूप में परिभाषित किया जाता है। 2024 में भारत ने 554 लू के दिन अनुभव किए, जबकि 2023 में यह संख्या 230 थी। यह वृद्धि कृषि, जल उपलब्धता और सार्वजनिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रही है, जिससे तत्काल शमन उपायों की आवश्यकता है। फरवरी, जो आमतौर पर सर्दियों का महीना होता है, अब अत्यधिक गर्मी का अनुभव कर रहा है। ओडिशा, तेलंगाना और महाराष्ट्र में फरवरी 2025 में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया, जो जलवायु परिवर्तन की ओर इशारा करता है। उदाहरण‑फरवरी 2025 में मुंबई ने 38.7 डिग्री सेल्सियस का तापमान दर्ज किया, जो पांच वर्षों में सबसे गर्म फरवरी का दिन था। इसने दैनिक जीवन को बाधित किया और गर्मी से संबंधित बीमारियों में वृद्धि की। वैश्विक तापमान में वृद्धि के कारण शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार और तीव्र हीटवेव देखी जा रही हैं, जिससे जनसंख्या पर भारी दबाव पड़ रहा है। रात के तापमान में भी अप्रत्याशित वृद्धि हो रही है। 31 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में सामान्य से 1एष्ट अधिक रात का तापमान दर्ज किया गया, जबकि 22 राज्यों में 3एष्ट-5एष्ट की वृद्धि देखी गई। दिल्ली में 2024 में 74 वर्षों की सबसे गर्म फरवरी की रात दर्ज की गई, जिससे कमजोर वर्ग के लिए रिकवरी का समय कम हो गया। समुद्री हीटवेव अंतर्देशीय तापमान को बढ़ाती हैं और मानसून के पैटर्न को प्रभावित करती हैं। 2023 में बंगाल की खाड़ी में समुद्री हीटवेव के कारण पूर्वी भारत में मानसून में देरी हुई और प्री-मानसून गर्मी बढ़ी। कंक्रीट संरचनाएँ, कम हरियाली और प्रदूषकों की उपस्थिति से शहरी क्षेत्रों में गर्मी अधिक रहती है। अप्रैल 2023 में अहमदाबाद के शहरी क्षेत्रों में तापमान आसपास के ग्रामीण इलाकों से 3-4 डिग्री सेल्सियस अधिक था। राज्यों के बीच समन्वय सुनिश्चित करते हुए राष्ट्रीय अनुकूलन योजना में हीटवेव शमन को शामिल करना आवश्यक है। अहमदाबाद की हीट एक्शन प्लान (2013) हर साल 1190 मौतों को रोकने में मदद करता है। शहरी नियोजन में हरित इमारतों, निष्क्रिय शीतलन और गर्मी प्रतिरोधी सामग्रियों का उपयोग बढ़ाना चाहिए। तेलंगाना की कूल रूफ नीति (2021) ताप-परावर्तक छतों को बढ़ावा देती है, जिससे इनडोर तापमान कम होता है। वृक्षारोपण, छत पर बागवानी और जल निकायों के संरक्षण से तापमान कम किया जा सकता है। दिल्ली की शहरी वन पहल ने कई हॉटस्पॉट में स्थानीय तापमान को 2-3 डिग्री सेल्सियस तक कम किया। स्थानीय मौसम निगरानी, हीटवेव पूर्वानुमान और शहरी हीट आइलैंड मानचित्रण का विस्तार किया जाना चाहिए। कमज़ोर श्रमिकों के लिए हीट इंश्योरेंस, समायोजित कार्य घंटे और शीतलन आश्रय सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। राजस्थान के हीट इंश्योरेंस पायलट (2023) ने अत्यधिक गर्मी वाले दिनों में दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों को वित्तीय मुआवज़ा प्रदान किया।

## खास बात

### हनी ट्रैप की गंगा में बिना भेदभाव के डुबकी

कर्नाटक के हनी ट्रैप का मामला सारे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है। विधानसभा में इस मामले ने तूल पकड़ा। इसकी गूंज सारे देश में हो गई। कर्नाटक की पुलिस तक इसकी आवाज नहीं पहुंच पाई। कर्नाटक के सहकारिता मंत्री का दावा है। 48 लोगों की सीडी और पेन ड्राइव जिसमें अंतरंग संबंधों के राज हैं। इसमें केंद्रीय मंत्री और राज्य के मंत्री भी शामिल हैं। कांग्रेस-बीजेपी और अन्य पार्टियों के नेता भी शामिल हैं। जज और अधिकारी इस हनी ट्रैप की सीडी में साथ साथ हैं। हनी ट्रैप विवाद को लेकर कर्नाटक की राजनीति तेज हो गई है। उप मुख्यमंत्री डीके शिव कुमार की चुप्पी सभी को आश्चर्य में डाल रही है। वहीं मुख्यमंत्री सिद्धू रमैया का खेमा इसे राष्ट्रीय स्तर पर प्रचारित कर रहा है। हनी ट्रैप की जद में सभी बिना किसी भेदभाव के साथ हैं। यह स्पष्ट हो गया है। इससे बड़ा राष्ट्रीय एकता और अखंडता का और कोई दूसरा सबूत नहीं हो सकता है।

### सबसे गरीब पार्टी कांग्रेस सबसे अमीर भाजपा

लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद भारत के राजनीतिक दलों के पास 14848 करोड रुपए का फंड था। चुनाव की अधिसूचना जारी होने के पहले यह फंड 11326 करोड रुपए था। लोकसभा का चुनाव खत्म होने के बाद भाजपा के खाते में 10107 करोड रुपए जमा थे। वहीं कांग्रेस के पास कुल 134 करोड रुपए का फंड बचा था। तीन राजनीतिक दलों का फंड चुनाव के बाद बढा। पहले नंबर पर भाजपा दूसरे नंबर पर तेलुगू देशम पार्टी और तीसरे नंबर पर कम्युनिस्ट पार्टी थी। चुनाव के पहले तेलुगू देशम पार्टी के पास 207 करोड रुपए थे। जो बढ़कर 272 करोड रुपए हो गए। वहीं सीपीएम के पास चुनाव के पहले 176 करोड़ थे, चुनाव के बाद 184 करोड़ हो गए। कई राजनीतिक दलों के लिए चुनाव कमाई का जरिया होता है। कांग्रेस से ज्यादा पैसा भारत राष्ट्र समिति, बीजू जनता दल, बसपा, सपा, डीएमके, टीएमसी, अन्ना डीएमके के पास है। इस हिसाब से कांग्रेस देश की सबसे गरीब पार्टी है। लेकिन सबसे ज्यादा इज्जत कांग्रेस पार्टी की है। यही सत्य है।

### कार्यकर्ताओं से पैसा नहीं वसूल करेगी बसपा

बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती चंदे के कारण सारे देश में जानी जाती थी। बसपा के कार्यकर्ता को भी पैसे देने पड़ते थे। उम्मीदवार की टिकट लेने के लिए लाखों-करोड़ों रुपए पार्टी को दान देते पड़ते थे। हर साल जन्मदिन पर करोड़ों रुपए की सौगात बहन जी को मिलती थी। समय बदला, उसके साथ ही स्थितियां बदल गई हैं। कार्यकर्ताओं को जोड़ने के लिए बहन जी ने घोषणा की है। वह कार्यकर्ताओं से चंदा नहीं वसूल करेगी। इस घोषणा के बाद बहन जी के कार्यक्रमों में शायद ज्यादा से ज्यादा भीड़ जुटे। इस बात की आशा तो बहन जी कर ही सकती है।

## राशिफल

शुभ संवत 2081, शाके 1946, सौम्य गोष्ठ, चैत्र कृष्ण पक्ष, बसंत ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पश्चिम तिथि 30 अमावस्या, उ. भाद्र पद नक्षत्रे, वृण योगे, नाम करणे, मीन की चंद्रमा, अमावस्या मूल प्रारंभ रात्रि 7/40 से वृक्षारोपण वाहन क्रय विक्रय तथापि उत्तर दिशा की यात्रा शुभ व उत्तम होगी।

**आज जन्म लिए बालक का फल**

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चंचल, जिद्दी-हठी, अड़ियल, अपने विचारों को महत्व देने वाला, सैनिक-सिपाही, कमांडर, ब्रिगेडियर, दरोगा, उत्तम वृत्ति वाला, शासकीय कर्मचारी, व्यापारी होगा।

**मेष राशि :** इष्ट मित्र सुखवर्धक होंगे, व्यवसायिक क्षमता में विशेष वृद्धि होगी, ध्यान दें।

**वृष राशि :** सतर्कता से कार्य करें, मनोबल उत्साहवर्धक होगा, कार्य उत्तम बन जायेगा।

**मिथुन राशि :** कार्य-कुशलता से संतोष होगा, समृद्धि के रास्ते खुलेंगे, योजना फलीभूत होगी।

**कर्क राशि :** भाग्य की प्रबलता, प्रभुत्व वृद्धि तथा शालीनता से मेल-मिलाप अवश्य होगा।

**सिंह राशि :** अधिकारी वर्ग से सफलता के साधन फलप्रद होंगे, अचानक शुभ-समाचार मिलें।

**कन्या राशि :** योजनाऐं फलीभूत होंगी, सफलता का लाभ लेवें, अधिकारी वर्ग से अर्थिक लाभ मिले।

**तुला राशि :** विघटनकारी तत्व परेशान करें, अग्निचोट आदि का भय बना ही रहेगा।

**वृश्चिक राशि :** तनाव-क्लेश, अशांति, व्यर्थ धन का व्यय, विरोधी तत्व परेशान करेंगे।

**धनु राशि :** दैनिक समृद्धि के साधन बनें, योजना फलीभूत होंगी, कार्य विशेष बनेंगे।

**मकर राशि :** स्त्री शरीर कष्ट, चिन्ता-व्याग्रता, मानसिक बेचैनी, उद्विघ्नता से बचें।


**कुंभ राशि :** दैनिक कार्यगति में बाधा, विघटन सम्भव होवे तथा कार्य अवरोध होगा।

**मीन राशि :** दैनिक कार्यगति में अनुकूलता, चिन्ताएं कम हों तथा कार्य योजना अवश्य बनेगी।

**– पीएल गौतमाचार्य**

## दैनिक पंचांग

**29 मार्च 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**



| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 06.47 बजे से |
| चंद्र | मीन में | वृष | 08.27 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | मिथुन | 10.25 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 12.38 बजे से |
| गुरु | वृष में | सिंह | 14.54 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 17.06 बजे से |
| शनि | कुंभ में | तुला | 19.17 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 21.32 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 23.48 बजे से |
| राहुकाल 9.00 से 10.30 बजे तक | | मकर | 01.53 बजे से |
| | | कुंभ | 03.39 बजे से |
| | | मीन | 05.12 बजे से |

**शनिवार** 2025 वर्ष का 88 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** बसंत।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** चैत्र (दक्षिण भारत में फाल्गुन) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** अमावस्या 16.28 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराभाद्रपदा 19.27 बजे को समाप्त। **योग** ब्रह्म 22.03 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** चतुष्पद 06.14 बजे, नाग 16.28 बजे तदनन्तर किस्तुघ्न 02.40 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.0 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 03° 23'
**सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872298
**जूलियन दिन** 2460763.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** रमजान **तारीख** 28
**विशेष** चैत्र अमावस्या, सूर्य ग्रहण।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore



# रात के खाने में ना खाएं दही

**हम सभी जानते हैं कि दही खाना सेहत के लिए बहुत अधिक लाभकारी होता है। दही एक सुपर फूड है, जिसे हर दिन खाया जा सकता है और यह सेहत को सिर्फ एक नहीं अनेक तरीकों से लाभ पहुंचाती है। पाचन से लेकर त्वचा और बाल सबको हेल्दी रखती है। इस विषय पर नए सिरे से बात करने की जरूरत नहीं है। आज हम इस विषय पर बात करेंगे कि आखिर रात के खाने में दही खाने को क्यों मना किया जाता है.**

## लाभकारी दही हानि क्यों करने लगती है ?

- आपने अपने पैरेंट्स से अक्सर सुना होगा कि रात के समय दही या दही से बना रायता नहीं खाना चाहिए। लेकिन आज कल शादी-पार्टीज में यह ट्रेंड है कि आप रात के 12 बजे भी डिनर ले रहे होंगे तो आपको रायता जरूर मिलेगा खाने में.। खैर, सर्व करनेवाले तो सर्व करते है। यह तो आपको निर्णय लेना है कि रात में रायता या दही खाकर आप बीमार पड़ना चाहते हैं या नहीं।
- दही पाचनतंत्र को ऊर्जा देने का काम करती है। साथ ही हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाती है। लेकिन यदि दही का सेवन रात में किया जा तो पाचनतंत्र भी डिस्टर्ब होता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता पर भी बुरा असर पड़ता है।

## पाचकाग्नि को मंद हो जाती है

- अब आपके मन में यह सवाल आ रहा होगा कि आखिर रात में दही खाने पर ऐसा क्या हो जाता है ? तो जान लीजिए कि रात को दही खाने पर पाचनतंत्र मंद हो जाता है। आयुर्वेद की भाषा में बात करें तो जठराग्नि मंद हो जाती है और शरीर की वायु कुपित हो जाती है। इस कारण रात में दही का सेवन करने पर हाथ, पैर, सिर, कमर या शरीर के किसी भी हिस्से में दर्द की समस्या हो सकती है।

## जुकाम लगा सकती है दही

- इसके साथ ही दही खाने पर रोग प्रतिरोधक क्षमता पर इस लिए बुरा असर पड़ता है, क्योंकि दही तासीर में ठंडी होती है। यदि रात में दही खाई जाती है तो शरीर में कफ की मात्रा में वृद्धि हो सकती है। इससे गले में दर्द, खराश, बलगम वाली खांसी, सिर में भारीपन, जुकाम आदि की समस्या हो सकती है।

## जोड़ों का दर्द बढ़ सकता है

- जिन लोगों को जोड़ों के दर्द की शिकायत होती है यदि वे लोग रात के समय दही खाना शुरू कर दें तो यकीन मानिए कि जल्द ही ऐसा समय आएगा जब उनके जोड़ों का दर्द इस कदर बढ़ जाएगा कि दिन-रात का चैन खो सकता है।

## सो नहीं पाते ऐसे लोग

- जिन लोगों को अस्थमा की शिकायत है, उन्हें रात के समय भूल से भी दही का सेवन नहीं करना चाहिए। नहीं रात के समय अस्थमा अटैक के कारण सांस लेना मुश्किल हो सकता है। हालांकि सभी लोगों को इस बात की जानकारी भी होनी चाहिए खट्टी दही और मीठी दही दोनों के शरीर पर अलग-अलग प्रभाव होते हैं। लेकिन रात के समय आपको किसी भी प्रकार की दही लेने से बचना चाहिए।

## आ सकता है बुखार

- रात के समय दही खाना आपको बुखार आने का कारण भी बन सकता है। इसकी वजह ऊपर बताए गए कारणों को मिलाकर तैयार हो जाती है। क्योंकि शरीर में पित्त और वायु का कुपित होना, जुकाम लगना, शरीर में दर्द होना जैसी समस्याएं शरीर के सामान्य तापमान को स्थिर नहीं रहने देती हैं। इससे बुखार आने की समस्या हो सकती है।

## रात को दही खाने से बढ़ती है सूजन

- रात को दही खाने से शरीर में सूजन बढ़ने की समस्या बढ़ सकती है। क्योंकि रात में दही का सेवन करने से पित्त की मात्रा में बढ़ोतरी हो सकती है, जो आपके शरीर में सूजन बढ़ाने का काम करेगा।
- अगर आपके शरीर में सूजन की समस्या पहले से है या कोई चोट लगी हुई है तो रात के समय दही खाना आपके शरीर को अंदर से कमजोर करने का काम करेगा। इससे आपके शरीर में दर्द और पीड़ा कई गुना बढ़ सकती है।

## जरूरी नहीं अगले दिन ही दिखे रिजल्ट

- अगर आपको लगता है कि आपने तो रात को दही खाई थी, आपको तो कोई समस्या नहीं हुई। तो यह जरूरी नहीं है कि आपने रात में दही खाई है तो अगले दिन सुबह के समय ही आपके शरीर में बीमारी के लक्षण दिखने लगेंगे। ये लक्षण दिन में किसी समय, अगली रात में या एक-दो दिन बाद भी नजर आ सकते हैं।
- ऐसा इसलिए होता है क्योंकि हर किसी की रोग प्रतिरोधक क्षमता अलग-अलग होती है। एक तरफ जहां किसी में एक बार रात को दही खाने के बाद कुछ ही घंटे में तबीयत खराब हो सकती है तो किसी अन्य व्यक्ति के शरीर में इसका असर 3 दिन बाद भी दिख सकता है।





# खून के थक्के बनने से रोकने की दवा लेते हैं तो न खाएं हरा साग

**हरा साग जैसे पालक क्लॉटिंग रोकने वाली वार्फरिन या कुमारिन दवाओं के असर को काफी हद तक कर देता है बेअसर इसलिए ऐसे लोग जो इन दवाओं को प्रयोग करते हैं उन्हें सलाह दी जाती है कि हरा साग न खाएं।**

जिन रोगियों में खून के असामान्य थक्कों के बनने और खून जमने की समस्या होती है, उन्हें एक विशेष दवा के सेवन के कारण कई बार हरा साग खाने से मना किया जाता है। यह दवा वार्फरिन है। यह और इसके जैसी अनेक दवाएं, जिन्हें कुमारिन-परिवार की दवाएं कहते हैं, विटमिन-के का प्रतिरोध करती हैं। इम्यूनोलॉजिस्ट एवं र्यूमैटॉलजिस्ट कहते हैं, विटमिन-के का काम खून की क्लॉटिंग से होता है। यह विटमिन यकृत में जमा होता है और इसी कारण हमारा खून सही ढंग से जमता है। यह विटमिन शरीर में क्लॉटिंग फैक्टरों का निर्माण करता है। विटमिन-ख न हो तो न जाने कितने ही लोगों की रक्तस्राव से मौत हो जाए, लेकिन फिर अनेक रोगियों में खून का जमना हानिकारक हो जाता है। मान लीजिए किसी रोगी में हृदयवॉल्व की सर्जरी हुई है या उसे कोई ऐसा रोग है, जिसमें खून बार-बार और जल्दी-जल्दी जमा करता है। ऐसे में अगर विटमिन-के का प्रतिरोध न किया गया, तो फिर खून का लगातार जमना हानिकारक या कभी-कभी जानलेवा साबित होगा। इसलिए ऐसे रोगियों में खून को पतला करने वाली दवाएं चलाई जाती हैं। इन्हीं दवाओं में कुमारिन-परिवार की सदस्य दवाएं भी शामिल हैं, जिनमें वार्फरिन प्रमुख है। हरा साग विटमिन-के का प्रमुख स्रोत है। इसे खाने से शरीर को विटमिन-ख की प्राप्ति होती है। लेकिन फिर जिन रोगियों को विटमिन-ख नहीं चाहिए या जिनके लिए विटामिन-के की प्रचुरता हानिकारक है, वे क्या करें ? वह ब्लड की क्लॉटिंग ( स्तम्भन ) को रोकने के लिए वार्फरिन जैसी दवाओं पर निर्भर रहते हैं। और हरे साग का सेवन वार्फरिन को समुचित कार्य करने से रोकेगा।

## आयरन की गोलियां खाएं

इसलिए डॉक्टर की सलाह होती है कि अगर आप वार्फरिन या अन्य कुमारिन-दवाएं खाते हैं, तो हरा साग कम-से कम खाएं या न खाएं। हां, यह जरूर है कि ऐसा करने से आपको आवश्यक आयरन नहीं मिलेगा और अनीमिया की आशंका बढ़ जाएगी, लेकिन ऐसी परिस्थिति में वार्फरिन के साथ हरे साग की बजाय आयरन की गोलियों का सेवन कहीं बेहतर है।

# खर्राटों की समस्या से निजात दिलाएगा चुंबक


**अगर आपको भी खर्राटे लेने की समस्या है तो आपके लिए एक खुशखबरी है। माउंट जियॉन यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने चुंबक की मदद से एक ऐसा उपकरण बनाया है जो खर्राटों की समस्या से निजात दिला सकता है। दो चंबुकों के खींचने की क्षमता की मदद से हवा की नली को रात में सोने के दौरान खुला रखकर खर्राटों की समस्या को ठीक किया जा सकता है।**

इस समस्या से दुनियाभर में लाखों लोग जूझ रहे हैं। इस बीमारी के कारण रात को सोते वक्त हवा की नली संकरी हो जाती है और सांस लेने में अवरोध पैदा होता है। इसके लक्षणों में खर्राटे लेना और मुंह से अजीब आवाजें निकालना भी शामिल है। यह बीमारी 40 साल की उम्र से ऊपर के पुरुषों में ज्यादा होती है। मोटापा, शराब की लत और धूम्रपान इसके जोखिम कारक हैं। इससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। मैग्नेटिक एपनोइया प्रीवेंशन ( मैगनैप ) उपकरण में उस तरह के चुंबक का इस्तेमाल होता है जो कंप्यूटर हार्ड ड्राइव और साइकिल के डायनेमो में पाए जाते हैं। यह उपकरण सांस की नली को खुला रखने में मदद करता है। चुंबक में एक क्षरण-प्रूफ टाइटेनियम कोटिंग है और यह दावा किया जाता है कि इन्हें एक बार प्रतिरोपित करने के बाद सालों तक सुरक्षित रूप से शरीर में छोड़ा जा सकता है।

इस उपकरण का आकार पचास पैसे के सिक्के के जितना है और इसे सर्जरी के द्वारा गले के हायोड बोन में फिट किया जा सकता है। यह हड्डी जीभ के ठीक नीचे गले में होती है। इस चुंबक को फिट करने की सर्जरी को करने में एक घंटे का समय लगेगा। सर्जरी के चार हफ्ते के बाद एक और चुंबक गले में लगाया जाएगा।

यह दूसरा चुंबक पहले से गले में लगाए गए चुंबक को आकर्षित करेगा जिससे एक हल्का खिंचाव तैयार होगा और हवा की नली खुल जाएगी। मरीज के गले और हवा की नली के आकार के अनुसार विभिन्न आकार के चुंबकों का प्रयोग किया जा सकेगा। अब तक माउंट जियॉन यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल में छह लोगों के गले में इस उपकरण को प्रतिरोपित किया गया है। उनकी निगरानी की जा रही है ताकि इस उपकरण की उपयोगिता का पता लगाया जा सके।





# दिल का रखेंगे ध्यान ब्रोकली और पत्तागोभी

क्या आपको भी ब्रोकली, पत्तागोभी और ब्रसल्स स्प्राउट जैसी सब्जियां अच्छी नहीं लगतीं। अगर आप भी इन सब्जियों को खाने से परहेज करते हैं तो आप अनजाने में दिल की बीमारियों को न्योता दे रहे हैं। एक हालिया शोध के अनुसार ये सब्जियां रक्त धमनियों और वाहिकाओं की बीमारियों के जोखिम को कम करने में मदद करती हैं। रक्त धमनियों में अवरोध पैदा होने से हार्ट अटैक और स्ट्रोक का जोखिम बढ़ जाता है। ब्रिटिश जर्नल ऑफ न्यूट्रिशन में प्रकाशित शोध में पाया गया कि पत्तेदार हरी सब्जियों जैसे ब्रोकली, ब्रसल्स स्प्राउट और पत्तागोभी का सेवन करने का संबंध बुजुर्गों में रक्त वाहिकाओं की बीमारियों के कम जोखिम के साथ था। ईसीयू स्कूल ऑफ मेडिसिन और द यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के शोधकर्ताओं ने 684 बुजुर्ग महिलाओं पर अध्ययन किया। शोधकर्ताओं ने देखा कि जिन महिलाओं ने ज्यादा हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन किया उनकी महाधमनी में कैल्शियम के जमाव का खतरा कम पाया गया। यह रक्त वाहिकाओं में होने वाली बीमारियों का पहला संकेत होता है।

## हार्ट अटैक हो सकता है

रक्त वाहिकाओं की बीमारियां धमनियों और नसों को प्रभावित करती हैं। धमनियों और नसों में कैल्शियम का जमाव होने से रक्त के प्रवाह में बाधा आती है जिससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है।

## ब्रोकली और स्प्राउट है बेहद फायदेमंद

प्रमुख शोधकर्ता डॉक्टर लाउरेन ब्लैकेनहोरस्ट ने कहा, हरी पत्तेदार सब्जियों के बारे में कुछ पेचीदा था, जिस पर इस अध्ययन ने अधिक प्रकाश डाला है। हमारे पूर्व शोधों में हमने पाया कि जिन लोगों ने हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन किया उनमें दिल संबंधी बीमारियों और घटनाएं जैसे हार्ट अटैक और स्ट्रोक का जोखिम कम पाया गया। हमारे शोध से हरी पत्तेदार सब्जियों के फायदों के बारे में पता चलता है। बुजुर्गावस्था में ज्यादा हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करने से धमनियां स्वस्थ रहती हैं और इससे दिल भी स्वस्थ रहता है।

## विटामिन-के मौजूद होता है

हरी पत्तेदार सब्जियों जैसे ब्रोकली, स्प्राउट और पत्तागोभी में बड़ी मात्रा में विटामिन- के मौजूद होता है। विटामिन-के रक्त वाहिकाओं में कैल्शियम के जमाव को रोकने का काम करता है।

### रोजाना सब्जी खाना जरूरी

डॉक्टर ब्लेकेनहॉर्स्ट ने कहा कि इस अध्ययन में जिन महिलाओं ने प्रतिदिन 45 ग्राम से अधिक सब्जियों का सेवन किया ( जैसे एक कप उबली हुई ब्रोकली या एक कप पत्ता गोभी ) उनकर महाधमनी में कैल्शियम के व्यापक जमाव की आशंका 46 प्रतिशत कम थी। इनकी तुलना रोजाना सब्जी नहीं खाने वाले लोगों से की गई। ब्लेकेनहॉर्स्ट ने कहा, अच्छे स्वास्थ्य के लिए सिर्फ ब्रोकली, स्प्राउट और पत्तागोभी का ही सेवन नहीं करना चाहिए बल्कि सभी प्रकार की मौसमी सब्जियां खानी चाहिए।

### रोजाना कितनी सब्जी खाएं

- रोज सलाद के रूप में 80 ग्राम कच्ची सब्जी का सेवन करना चाहिए।
- प्रतिदिन 80 ग्राम पकी हुई सब्जी का सेवन करने की सलाह।
- प्रतिदिन 125 मिलीलीटर सब्जी के जूस का सेवन करना चाहिए।



# कोलेस्ट्रॉल बढ़ने या घटने से हो सकते हैं मानसिक दिव्यांगता का शिकार

कोलेस्ट्रॉल बढ़ने या घटने से ऑटिज्म जैसी मानसिक दिव्यांगता विकसित हो सकती है। हार्वर्ड विश्वविद्यालय समेत तीन संस्थानों के अध्ययन में यह जानकारी सामने आई है। ऑटिज्म के मरीज न तो अपनी बात ठीक से कह पाता है ना ही दूसरों की बात समझ पाता है और न उनसे संवाद स्थापित कर सकता है। यदि इन लक्षणों को समय रहते भांप लिया जाए, तो काबू पाया जा सकता है। प्रतिष्ठित नेचर पत्रिका में प्रकाशित इस रिपोर्ट के मुताबिक, बच्चे के धीमे मानसिक व शारीरिक विकास से जुड़ी इस बीमारी के लक्षण बचपन में ही दिखने लगते हैं। हार्वर्ड विश्वविद्यालय, मैसाचुएट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने कोलेस्ट्रॉल और ऑटिज्म के संबंध के बारे में जानने के लिए वैज्ञानिक अध्ययन किया। शोधकर्ताओं ने पाया कि ऑटिज्म के सबटाइप वाली एक बीमारी उन्हीं अनुवांशिक तत्वों से होती है जो शरीर में कोलेस्ट्रोल मेटाबोलिज्म और मस्तिष्क विकास को नियंत्रित करते हैं। वैज्ञानिकों ने मस्तिष्क के नमूनों के डीएनए अध्ययन से पाया कि लिपिड डायफंक्शन और ऑटिज्म के बीच साझा आणुविक जड़ें होती हैं। फिर वैज्ञानिकों ने ऑटिज्म पीड़ित लोगों के मेडिकल रिकॉर्ड का अध्ययन करके इस बात की पुष्टि की। लिपिड जीवित कोशिकाओं में एक महत्वपूर्ण अवयव होता है जो एल्कोहल में घुलनशील है। अध्ययनकर्ता इसहाक कोहेन का कहना है कि शोध के निष्कर्ष बताते हैं कि यह बहुत जटिल बीमारी है और इसके विभिन्न प्रकार अलग-अलग कारणों से उत्पन्न होते हैं।



# घुटने का दर्द हो जाएगा छूमंतर ट्राय करें यह देसी नुस्खा

**बढ़ती उम्र और डेली रूटीन में अलग-अलग स्थितियों के कारण हमारे शरीर में अलग-अलग प्रकार के बदलाव होते हैं। इसके परिणामस्वरूप कई प्रकार की बीमारियां और स्वास्थ्य समस्याएं भी शरीर को अपना शिकार बनाती हैं जिनमें घुटनों का दर्द भी प्रमुख रूप से गिना जाता है। घुटने के दर्द की समस्या ज्यादातर बुजुर्गों को परेशान करती है वहीं खेलकूद से जुड़े लोगों को भी इस समस्या से जूझना पड़ता है। ऐसे लोगों के लिए यहां पर एक देसी नुस्खे के बारे में बताया जा रहा है जो उनके घुटनों में होने वाले दर्द को दूर करने के लिए कारगर रूप से कार्य कर सकता है। आइए इस देसी नुस्खे के बारे में आपको पूरी जानकारी देते हैं।**

## क्यों होता है घुटनों में दर्द ?

इस देसी नुस्खे को जानने से पहले आपको यह जरूर जान लेना चाहिए कि आपके पैरों में होने वाले दर्द का प्रमुख कारण क्या होता है ? मुख्य रूप से अगर बात की जाए तो घुटनों में होने वाला दर्द टेंडइनाइटिस, गाउट, ऑस्टियोआर्थराइटिस, बेकर्स सिस्ट, बर्साइटिस जैसी मेडिकल कंडीशन के कारण होता है। इसके अलावा खेलकूद के दौरान लगने वाली चोट या फिर किसी दुर्घटना में गिरने के कारण भी घुटनों में दर्द की समस्या हो सकती है। नीचे आपको ऐसे दो खास देसी नुस्खे बताए जा रहे हैं जो सामान्य रूप से घुटने में होने वाले दर्द की समस्या को ठीक करने के लिए आपकी मदद कर सकते हैं।

## सेब के सिरके का करें सेवन

सेब के सिरके में ऐसे कई औषधीय गुण मौजूद रहते हैं जो आपकी सेहत के लिए भी प्रभावी रूप से फायदेमंद साबित होते हैं। एक चम्मच सेब के सिरके को अगर आप गर्म पानी के साथ मिलाकर पीने के लिए इस्तेमाल करते हैं तो इसमें मौजूद पेन रिलीविंग गुण आपके घुटनों में होने वाले दर्द को दूर करने के लिए प्रभावी असर दिखा सकता है। आप इस तरह सेब के सिरके का दिन में दो बार सेवन कर सकते हैं। कोशिश करें कि खाना खाने के पहले इसका सेवन करें।

## नींबू और तिल के तेल का इस्तेमाल

एक नींबू लें और उसे काटकर रस निकाल लें। अब दो चम्मच तिल के तेल में नींबू के रस को मिलाएं और हल्के हाथों अपने घुटनों पर इस मिश्रण की मालिश करें। रात में सोने से पहले और सुबह उठने के बाद यानी मॉर्निंग वॉक पर जाने से पहले आप इस देसी नुस्खे को ट्राय कर सकते हैं। नींबू में मौजूद एंटी इंफ्लेमेटरी गुण घुटनों में होने वाली सूजन को कम कर के दर्द को दूर कर सकता है।

एक बात का ध्यान रखें कि गंभीर मेडिकल कंडीशन होने के कारण आपको इस देसी नुस्खे का कोई खास फायदा नहीं मिलेगा और आपको मेडिकल ट्रीटमेंट की जरूरत भी पड़ेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### मिनी नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में खूंटी के तीरंदाजों का शानदार प्रदर्शन

**खूंटी।** आंध्र प्रदेश के गुंटूर में आयोजित मिनी नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में सुभाष चंद्र आवासीय विद्यालय खूंटी के प्रतिभाशाली तीरंदाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। कंपाउंड अंडर-13 बालक वर्ग में सुधीर सांगा ने स्वर्ण पदक जीतकर राज्य, जिला और विद्यालय का नाम रोशन किया। इसके अलावा, अंडर-10 वर्ग में सत्यम महतो और रौनक राज ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। तीरंदाजों के खूंटी लौटने पर शुक्रवार को विद्यालय में उनका भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय में शिक्षकों और छात्रों ने इन विजेताओं का गर्मजोशी से अभिनंदन किया। शिक्षकों ने फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनका सम्मान किया। कोच आशीष कुमार, जिनकी देखरेख में इन खिलाड़ियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया, को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वार्डन ने कहा कि विद्यालय में एक प्रयास के तहत दो वर्ष पूर्व शून्य से तीरंदाजी की शुरुआत की गई थी। आज यह देखकर गर्व होता है कि हमारे विद्यार्थी नेशनल स्तर पर पदक जीत रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि बच्चों को और बेहतर सुविधा मिलें, तो वे भविष्य में देश के लिए भी पदक जीत सकते हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों और प्रशिक्षकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और कहा कि बच्चों की मेहनत और समर्पण रंग ला रहा है।

### चैंपियंस ट्रॉफी 2025: सचिवालय हरिकेन और डेंजर ने फाइनल में बनाई जगह

**देहरादून।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल मुकाबले शुक्रवार को खेले गए, जिसमें सचिवालय हरिकेन और डेंजर की टीमें विजयी होकर फाइनल में पहुंच गईं। पहले सेमीफाइनल में सचिवालय हरिकेन का सामना सचिवालय लायंस से हुआ। हरिकेन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 165 रन बनाए। टीम के लिए सुनील ने 35, कपिल ने 29 और विनोद ने 25 रन की उपयोगी पारियां खेलीं। लायंस की ओर से माधव नौटियाल ने 2 विकेट चटकाए। जवाब में लायंस की टीम 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 126 रन ही बना सकी और मुकाबला 39 रनों से हार गई। टीम के लिए प्रमोद कुमार ने सर्वाधिक 37 रन बनाए। हरिकेन की ओर से ओमीश ने 4, आशीष ने 2 और अनुज चमोली ने 1 विकेट झटका। शानदार प्रदर्शन के लिए ओमीश कुमार को मैन ऑफ द मैच और प्रमोद कुमार को फाइटर ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे सेमीफाइनल में सचिवालय ए और डेंजर की टीमें आमने-सामने थीं। सचिवालय ए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सागर के 42 रनों की बदौलत 155 रन बनाए। डेंजर की ओर से प्रमोद जोशी ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट झटके।

#### हॉकी इंडिया ने घोषणा की

## एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप के लिए चेन्नई और मदुरै होंगे मेजबान शहर

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

तमिलनाडु के चेन्नई और मदुरै आगामी एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप के मेजबान शहर होंगे। हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को उक्त घोषणा की। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 28 नवंबर से 10 दिसंबर 2025 तक आयोजित किया जाएगा।

इस दो सप्ताह तक चलने वाले हॉकी महोत्सव में पहली बार 24 टीमें खिताब के लिए मुकाबला करेंगी। यह लगातार तीसरा अवसर होगा जब एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप भारत में आयोजित किया जाएगा। इससे पहले, 2021 में यह टूर्नामेंट भुवनेश्वर, ओडिशा और 2016 में लखनऊ, उत्तर प्रदेश में आयोजित हुआ था, जहां भारत ने खिताबी जीत दर्ज की थी।


हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप टिर्की ने इस आयोजन पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा, एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी करना हॉकी इंडिया के लिए गर्व की बात है। मैं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री श्री एम.के. स्टालिन और खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन का आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए अभूतपूर्व समर्थन दिया है। इस बार 24 टीमें भाग लेंगी, इसलिए हमने टूर्नामेंट को दो शहरों - चेन्नई और मदुरै में आयोजित करने का निर्णय लिया है। चेन्नई ने 2023 में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की सफल मेजबानी की थी, जबकि मदुरै पहली बार इस स्तर के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। हमें खुशी है कि हम हॉकी को देश के विभिन्न हिस्सों में ले जा रहे हैं।




हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, हमारी महासंघ वैश्विक हॉकी टूर्नामेंट की मेजबानी में अग्रणी रहा है और एक बार फिर, हम एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप को शानदार सफलता दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। हमारा उद्देश्य भारत के अलग-अलग स्थानों पर हॉकी को बढ़ावा देना है। इसी सोच के तहत हमने चेन्नई और मदुरै को मेजबान शहरों के रूप में चुना है, जिसे तमिलनाडु सरकार और हमारे कोषाध्यक्ष श्री शेखर मनोहरन के नेतृत्व से संभव बनाया गया।

हॉकी इंडिया के कोषाध्यक्ष और हॉकी तमिलनाडु के अध्यक्ष शेखर मनोहरन ने तमिलनाडु में हॉकी के स्वर्णिम दिनों को वापस लाने की उत्सुकता जाहिर करते हुए कहा, मैं तमिलनाडु के माननीय मुख्यमंत्री श्री एम.के. स्टालिन और खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन का हॉकी के प्रति उनके जुनून और समर्थन के लिए आभार व्यक्त करता हूँ। हम तमिलनाडु में हॉकी के गौरवशाली दिनों को वापस लाना चाहते हैं। चेन्नई लंबे समय तक अंतरराष्ट्रीय हॉकी आयोजनों के लिए प्रमुख स्थल रहा है। हमें खुशी है कि हम वैश्विक हॉकी प्रशंसकों का स्वागत कर पाएंगे और उन्हें तमिलनाडु की बेहतरीन मेहमाननवाजी का अनुभव कराएंगे।

## आर्यना साबालेंका पहली बार मियामी ओपन के फाइनल में



**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

दुनिया की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी आर्यना साबालेंका ने गुरुवार को इटली की छठी वरीयता प्राप्त जैस्मिन पाओलिनी को 6-2, 6-2 से हराकर अपने पहले मियामी ओपन फाइनल में प्रवेश किया।

साबालेंका ने मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी पहली सर्व पर 77 प्रतिशत अंक जीते, छह ऐस लगाए और अपने सभी चार ब्रेक पॉइंट बचाए। इसके साथ ही, उन्होंने पांच में से चार ब्रेक पॉइंट का फायदा उठाया और महज 71 मिनट में जीत दर्ज की।

दक्षिण फ्लोरिडा में रहने वाली बेलारूसी शीर्ष वरीयता प्राप्त साबालेंका ने इस टूर्नामेंट में अब तक एक भी सेट नहीं गंवाया है। वह मियामी में इंडियन वेल्स उपविजेता के रूप में पहुंची थीं।

साबालेंका ने कहा, मैं आज के अपने प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। पहली बार मियामी ओपन के फाइनल में पहुंचकर काफी उत्साहित हूं। पूरे मैच के दौरान साबालेंका कभी पिछड़ी नहीं और दोनों सेटों में सिर्फ एक बार स्कोर 1-1 से बराबर हुआ। उन्होंने आगे कहा, मैं कह सकती हूं कि यह इस सीजन के बेहतरीन मुकाबलों में से एक था। मुझे नहीं पता, लेकिन मैं पूरी तरह से अपने खेल पर केंद्रित थी। ऐसा लग रहा था कि सबकुछ मेरे पक्ष में जा रहा है। अब फाइनल में साबालेंका का सामना दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। इस मुकाबले में चौथी वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला और फिलीपींस की वाइल्डकार्ड एंट्री एलेक्जेंड्रा एला आमने-सामने होंगी। एला ने पिछले दौर में पोलैंड की विश्व नंबर दो इगा स्वियातेक को हराकर चौंकाने वाली जीत दर्ज की थी।

## नोवाक जोकोविच ने कोर्डा को हराकर मियामी ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

*अपनी सातवीं मियामी ओपन खिताबी जीत के लक्ष्य के साथ खेल रहे सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने गुरुवार को अमेरिकी सेबेस्टियन कोर्डा को 6-3, 7-6 (7-4) से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। यह मुकाबला एक घंटे 24 मिनट तक चला।*

*यह क्वार्टरफाइनल मैच बुधवार रात को खेला जाना था, लेकिन जेसिका पेगुला और एम्मा राडुकानु के बीच महिला क्वार्टरफाइनल मैच रात 11 बजे के बाद तक चलने के कारण इसे स्थगित कर दिया गया। मैच रात करीब 12 बजे शुरू होता, जो नए एटीपी नियमों के खिलाफ होता।*

*जोकोविच अब सेमीफाइनल में बुल्गारिया के ग्रिगोर दिमित्रोव से भिड़ेंगे। 33 वर्षीय दिमित्रोव, जो 2024 में इस टूर्नामेंट के फाइनल तक पहुंचे थे, के खिलाफ जोकोविच का रिकॉर्ड 12-1 का है।*

*जोकोविच इससे पहले अपने सभी छह मियामी ओपन खिताब टूर्नामेंट के पिछले स्थल की बिस्केन में जीते थे। इस बार वह अपने करियर के 100वें खिताब को जीतने के लिए प्रयासरत हैं।*



*जोकोविच ने कहा, मुझे यहां जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। मुझे लगता है कि मेरे पास खिताब जीतने का अच्छा मौका है... मैं लंबे समय बाद अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर हूं।*

*हार्ड रॉक स्टेडियम में दर्शकों ने 37 वर्षीय जोकोविच के समर्थन में उनके नाम के नारे लगाए, भले ही वह एक अमेरिकी खिलाड़ी के खिलाफ खेल रहे थे। दूसरे सेट में उन्होंने 4-1 और 5-2 के पिछड़ने के बावजूद टाईब्रेकर में जीत हासिल की। उन्होंने मैच प्वाइंट पर एक जोरदार ऐस लगाया और 24वीं वरीयता प्राप्त कोर्डा के खिलाफ 83त्न पहली सर्विस का शानदार आंकड़ा दर्ज किया। जीत के बाद उन्होंने जोरदार गर्जना की और अपनी रैकेट को वायलिन बजाने की तरह दिखाकर जश्न मनाया।*

*जोकोविच ने कहा, अगर मैं जीत का कारण एक शब्द में कहूं, तो वह है - सर्व, मैंने काफी अच्छी सर्विस की, यह मेरे लंबे समय के सबसे बेहतरीन सर्विंग प्रदर्शनों में से एक था।*

*पुरुषों के पहले क्वार्टरफाइनल में, चेक गणराज्य के किशोर खिलाड़ी जकुब मेंसिक ने 17वीं वरीयता प्राप्त फ्रांस के आर्थर फील्स को 7-6 (7-5), 6-1 से हराकर एटीपी 1000 पॉइंट स्तर के अपने पहले सेमीफाइनल में जगह बनाई। 19 वर्षीय मेंसिक ने पहला सेट टाईब्रेकर में जीता और फिर दूसरे सेट में 4-0 की बढ़त बनाकर 20 वर्षीय फील्स को मात दी।*



## संक्षिप्त समाचार

### आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर फरवरी में घटकर 2.9 फीसदी पर

**नई दिल्ली।** देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर फरवरी में घटकर पांच महीने के निचले स्तर 2.9 फीसदी पर आ गई है। पिछले साल इसी महीने में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 7.1 फीसदी रही थी। जनवरी, 2025 में इसकी वृद्धि दर 4.1 फीसदी थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि देश के आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों की वृद्धि दर फरवरी महीने में घटकर पांच महीने के निचले स्तर 2.9 फीसदी पर आ गई है, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में 7.1 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई थी। इससे पहले इन क्षेत्रों की वृद्धि दर 2.4 फीसदी सितंबर में दर्ज की गई थी। आंकड़ों के मुताबिक फरवरी में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में नकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई है। मंत्रालय के मुताबिक कोयला, रिफाइनरी उत्पाद, इस्पात और बिजली क्षंत्र की उत्पादन वृद्धि क्रमशः 1.7 फीसदी, 0.8 फीसदी, 5.6 फीसदी और 2.8 फीसदी रही है, जबकि पिछले वर्ष फरवरी में यह दर 11.6 फीसदी, 2.6 फीसदी, 9.4 फीसदी और 7.6 फीसदी रही थी। हालांकि, इस दौरान उर्वरक तथा सीमेंट क्षेत्र के उत्पादन में क्रमशः 10.2 फीसदी और 10.5 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई है। मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-फरवरी अवधि के दौरान कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली क्षेत्र की वृद्धि दर 4.4 फीसदी रही। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की समान अवधि में यह 7.8 फीसदी थी।

### एटीएम से अतिरिक्त निकासी पर देना होगा ज्यादा शुल्क

**नई दिल्ली/मुंबई।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शुक्रवार को बैंकों को एटीएम से पैसा निकालने पर शुल्क बढ़ाने की अनुमति दे दी है। ग्राहकों को अब एटीएम से निःशुल्क निकासी सीमा खत्म होने के बाद पैसे निकालने पर प्रति लेन-देन 23 रुपये देने होंगे। पहले इसके लिए 21 रुपये देना पड़ता था। नए नियम 01 मई से लागू होंगे। आरबीआई की तरफ से जारी की गई जानकारी में बताया गया है कि बैंकों को 01 मई से एटीएम से पैसा निकालने पर शुल्क दो रुपये बढ़ाकर 23 रुपये प्रति लेन-देन करने की अनुमति दे दी गई है। नए नियमों के अनुसार तय सीमा से ज्यादा बार पैसे निकालने की स्थिति में एटीएम ट्रांजेक्शन पर शुल्क दो रुपये बढ़ाया गया है। पहले इसके लिए 21 रुपये प्रति ट्रांजेक्शन देना पड़ता था, लेकिन अब ग्राहकों को प्रति ट्रांजेक्शन 23 रुपये देना होगा। यह शुल्क माह में निशुल्क निकासी की संख्या समाप्त होने के बाद एटीएम से पैसा निकालने पर लगेगा। रिजर्व बैंक ने कहा है कि 1 मई, 2025 से एटीएम बैंकिंग सेवाओं का उपयोग करने वाले ग्राहकों को प्रति लेन-देन 23 रुपये का शुल्क देना होगा, जो पिछली राशि 21 रुपये प्रति लेन-देन से 2 रुपये ज्यादा है। केंद्रीय बैंक के अनुसार ग्राहक अभी भी अपने बैंक के एटीएम पर प्रति माह पांच लेन-देन (वित्तीय और गैर-वित्तीय दोनों) के लिए पात्र होंगे।

## भारत और जापान ने 6 परियोजनाओं के लिए 191.736 अरब जापानी येन ऋण समझौतों पर किए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

भारत और जापान ने आधिकारिक विकास सहायता के तहत छह परियोजनाओं के लिए 191.736 अरब जापानी येन के ऋण समझौतों पर हस्ताक्षर किए। ये परियोजनाएं वन प्रबंधन, जल आपूर्ति, शहरी परिवहन, जलीय कृषि, जैव विविधता संरक्षण और निवेश संवर्धन के क्षेत्रों से संबंधित हैं।

वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि भारत और जापान ने गुरुवार को वन प्रबंधन, जल आपूर्ति, शहरी परिवहन, जलकृषि, जैव विविधता संरक्षण और निवेश संवर्धन के क्षेत्रों में जापान की आधिकारिक विकास सहायता (ओडीए) के अंतर्गत छह परियोजनाओं के लिए 191.736 बिलियन जापानी येन के ऋण समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

मंत्रालय के मुताबिक भारत सरकार और जापान अंतरराष्ट्रीय सहयोग एजेंसी (जेआईसीए) के बीच नई दिल्ली में इन छह ऋण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। इनमें तमिलनाडु निवेश संवर्धन कार्यक्रम (चरण 3) (टीएनआईपीपी-III) (36.114 बिलियन जेपीवाई), प्रभावी वन प्रबंधन के लिए क्षमता वृद्धि के लिए परियोजना (8.280 बिलियन जेपीवाई), चेन्नई समुद्री जल विलवणीकरण संयंत्र (II) के निर्माण के लिए परियोजना (52.556 बिलियन जेपीवाई), दिल्ली



जन सामूहिक तीव्र परिवहन प्रणाली परियोजना (चरण 4 अतिरिक्त गलियारे) (I) (79.726 बिलियन जेपीवाई), असम राज्य जलीय कृषि संवर्धन और आजीविका सुधार परियोजना (3.580 बिलियन जेपीवाई) और पंजाब जैव विविधता और प्राकृतिक संसाधन संरक्षण परियोजना (11.480 बिलियन जेपीवाई) है। उल्लेखनीय है कि भारत और जापान का वर्ष 1958 से द्विपक्षीय विकास सहयोग का एक लंबा और फलीभूत इतिहास रहा है। भारत-जापान संबंधों का एक प्रमुख स्तंभ के रूप में आर्थिक सहयोग में पिछले कुछ वर्षों में लगातार प्रगति हो रही है। यह भारत और जापान के बीच रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी को और मजबूत तथा सुदृण करता है।

### केंद्रीय जीएसटी कार्यालय 29, 30 व 31 मार्च को खुले रहेंगे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने शुक्रवार कहा कि केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) के क्षेत्रीय कार्यालय 29, 30 एवं 31 मार्च को भी खुले रहेंगे। मौजूदा वित्त वर्ष 31 मार्च को समाप्त हो रहा है। सीबीआईसी की ओर से जारी यह निर्देश केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) द्वारा आयकर विभाग के कार्यालयों के संबंध में इसी तरह के जारी निर्देश के बाद आया है, ताकि लंबित विभागीय कार्यों को पूरा करने में सुविधा हो। सीबीआईसी की ओर से मुख्य आयुक्तों को दिए गए निर्देश में कहा गया है कि सीजीएसटी के सभी क्षेत्रीय कार्यालय 29, 30 एवं 31 मार्च को भी खुले रहेंगे और इन्हें कार्य दिवस माना जाएगा। उल्लेखनीय है कि 31 मार्च चालू वित्त वर्ष का अंतिम दिन है। इसलिए इस वित्त वर्ष से संबंधित सभी सरकारी भुगतान और निपटान उसी दिन तक पूरे करने होंगे। इसके अलावा 31 मार्च आकलन वर्ष 2023-24 के लिए अपडेटेड आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि भी है। ऐसे में देशभर में आयकर और सीजीएसटी कार्यालय सप्ताहांत और ईद-उल-फितर के बावजूद खुले रहेंगे, जो सोमवार को पड़ सकता है।



### युवाओं में स्टार्टअप और उद्यमिता के प्रति जागरूकता बढ़ाने 'इनोवेट एक्स' संपन्न




**भोपाल।** शुक्रवार को भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन और ओरिएंटल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट के संयुक्त तत्वावधान में 'इनोवेट एक्स' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में स्टार्टअप और उद्यमिता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इसके तहत विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुश्री कृतिका ठाकुर श्रीवास्तव (मैनेजिंग डायरेक्टर ecoholics), योगेश खाकरे W3 यूनिवर्सिटी एवं सीओओ, स्मार्ट सिटी भोपाल) ,और स्वप्निल त्रिपाठी (फाइनेंस ऑफिसर, 2e360 आई) उपस्थित थे। सीईओ, सेरेब्रल लैब प्राइवेट लिमिटेड, महेंद्र जोशी ने इन तीनों उद्यमियों से उनके जीवन और कार्य प्रणाली के बारे में विस्तृत चर्चा की। इसके अलावा, कई छात्र-छात्राओं ने भी उत्सुकतावश सवाल पूछे, जिनमें से अधिकतर ओरिएंटल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट के एमबीए स्टूडेंट थे। इस अवसर पर ओरिएंटल ग्रुप के अध्यक्ष प्रवीण ठकराल, भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील भार्गव, इनोवेट एक्स के अध्यक्ष राजीव सक्सेना, ओरिएंटल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट की डायरेक्टर सुश्री शिखा भार्गव, सहित कई फैकल्टी मेंबर्स और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। सुनील भार्गव ने स्वागत भाषण में छात्र-छात्राओं को उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं, राजीव सक्सेना ने छात्रों को उद्यमिता की बारीकियों पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी।

लगभग दो घंटे के इस कार्यक्रम में उद्यमिता से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियाँ और अनुभव साझा किए गए, जिससे उपस्थित युवाओं को नई दिशा और प्रेरणा प्राप्त हुई।

## भारत में निर्मित और टेस्टेड - OPPO F29 सीरीज, ड्यूरेबल चैंपियन का हुआ भारत में लॉन्च

- **भारत के कामकाजी लोगों के लिए निर्मित, OPPO F29 27 मार्च से 23,999 रु. में मिलेगा**
- **F29 Pro 1 अप्रैल से 27,999 रु. के शुरुआती मूल्य में मिलेगा**
- **OPPO F29 सीरीज है ड्यूरेबल चैंपियन, जो SGS (सोसाइटी जेनरल डे सर्विलांस), बेंगलुरु द्वारा IP66, IP68 और IP69 वाटर रजिस्टेंस के लिए भारत में टेस्टेड है**
- **F29 सीरीज उद्योग के पहले हंटर एंटीना आर्किटेक्चर के साथ मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी प्रदान करती है, जो सिग्नल स्ट्रेंथ 300% बढ़ा देता है**

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

OPPO India ने ट्रू ड्यूरेबल चैंपियन OPPO F29 सीरीज़ पेश की है। यह ड्यूरेबल स्मार्टफोन और विश्वसनीय नेटवर्क प्रदान करती है। भारत में टेस्टेड और भारत के लिए निर्मित F29 सीरीज़ में विश्व स्तरीय इंजीनियरिंग, मिलिट्री-ग्रेड की मजबूती, बेहतर कनेक्टिविटी और शक्तिशाली बैटरी परफॉरमेंस का बेहतरीन मिश्रण है। इन सभी खूबियों के साथ यह खूबसूरत और स्लिम स्मार्टफोन व्यस्त गलियों से लेकर मुश्किल रास्तों तक हर चुनौती का सामना कर सकता है।

OPPO F29 सीरीज़ में उद्योग का अग्रणी डस्ट एवं लिक्विड प्रोटेक्शन दिया गया है। इसलिए यह केरल के मानसून और राजस्थान की भारी गर्मी से लेकर कश्मीर की बर्फीली ठंड तक भारत के चुनौतीपूर्ण वातावरण को सहन कर सकता है।

IP66, IP68 और IP69 मानकों के लिए भारत में SGS (सोसाइटी जेनरल डे सर्विलांस), बेंगलुरु द्वारा टेस्टेड F29 सीरीज अपने सेगमेंट में सबसे मजबूत स्मार्टफोन है। IP66 रेटिंग के कारण यह पानी की तेज धार का सामना कर सकता है। इसलिए यह वेंडर्स से लेकर कंस्ट्रक्शन कर्मियों तक उन सभी लोगों के लिए उत्तम है, जो गीले वातावरण में काम करते हैं। IP68 रेटिंग के कारण यह 30 मिनट तक 1.5 मीटर गहरे पानी में डूबने पर भी सुरक्षित रहता है। यानी पानी से भरे गड्ढों और रसोई के सिंक में गिरने पर भी यह सुरक्षित रहेगा। वहीं



IP69 रेटिंग के कारण यह 80 डिग्री °C तक के उच्च दबाव, उच्च तापमान वाले पानी की धार को सहन कर सकता है। इसलिए यह उद्योगों में या बहुत ज़्यादा नमी वाले मौसम में काम करने के लिए उत्तम है।

F29 सीरीज बेहतर लिक्विड रेजिस्टेंस के कारण भारी बारिश, नदी के पानी, गर्म झरनों, जूस, चाय, दूध, कॉफी, बीयर, भाप, बर्तन धोने के पानी, डिटर्जेंट का घोल, बर्फीला पानी क्लीनिंग फोम और गंदे पानी के गिरने पर भी सुरक्षित रहती है। अगर यह पानी में डूब जाए, तो एक अद्वितीय कंपन वाली साउंड स्पीकर से पानी को बाहर निकाल देती है। OPPO India के हेड, प्रोडक्ट कम्युनिकेशंस, सैवियो डिसूज़ा ने कहा, OPPO F29 सीरीज़ भारत के लिए निर्मित है - इसमें ड्यूरेबिलिटी के साथ मजबूती, कनेक्टिविटी और परफ़ॉर्मेंस का बेहतरीन मिश्रण है। उद्योग में सर्वश्रेष्ठ IP रेटिंग और मिलिट्री-ग्रेड की मजबूती के साथ हमारा जबरदस्त हंटर एंटीना और शक्तिशाली बैटरी, ये सभी विशेषताएं भारत में सड़क पर चलने वालों के लिए विकसित की गई हैं। इस सारे विशिष्ट फीचर्स को एक स्लिम, स्टाइलिश डिवाइस में पैक किया गया है, जो इस सेगमेंट में एक नया कीर्तिमान स्थापित करती है। F29 सीरीज़ का हर हिस्सा सुरक्षा देने के लिए बनाया गया है। इसमें 360ए आर्मर बॉडी है, जिसमें स्पंज बायोनिक कुशनिंग दी गई है। यह इसके गिरने पर झटकों को अवशोषित कर लेती है। इसमें फाइबरग्लास से बना एक एलिवेटेड बैटरी कवर है। संरचनात्मक मजबूती के लिए कठोर साइड फ्रेम तथा कैमरे की सुरक्षा के लिए एक मजबूत लेंस प्रोटेक्शन रिंग दिया गया है। डिवाइस की सुरक्षा के लिए बॉक्स में एक कवर भी आता है, जिसके कोने अतिरिक्त पैडिंग के साथ उभरे हुए डिज़ाइन के हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा राष्ट्रीय महिला मोर्चा देश की 75 वीरांगनाओं को देगा श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** आजादी के लिए प्राणों की आहूति देने वाली देश की 75 वीरांगनाओं को श्रद्धांजलि के लिए भाजपा राष्ट्रीय महिला मोर्चा शनिवार को वीरांगना कार्यक्रम का आयोजन करेगा। इन वीरांगनाओं पर तैयार ई कॉफी टेबल बुक भी जारी की जाएगी। कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और ओडिशा की उपमुख्यमंत्री पार्वती परिदा शामिल होंगी। इस कार्यक्रम में शहीद वीरांगना रानी वेलु नचियार के जीवन पर हिन्दी में एक नाटक का मंचन भी किया जाएगा। शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय पर आयोजित एक पत्रकार वार्ता में भाजपा राष्ट्रीय महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष पूजा कपिल मिश्रा ने बताया कि वीरांगना नामक कार्यक्रम में आजादी के लिए प्राण न्योछावर करने वाली 75 महिला स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को लेकर एक पुस्तक का विमोचन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि केदारनाथ साहनी ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण नाटक का मंचन किया जाएगा, जो रानी वेलु नचियार के जीवन पर आधारित होगा। उन्होंने बताया

### आव्रजन और अपराध पर चर्चा के लिए अमेरिकी गृह सुरक्षा सचिव नोएम पहुंचीं कोलंबिया

**बोगोटा।** अमेरिकी गृह सुरक्षा सचिव क्रिस्टी नोएम आव्रजन, अपराध और निर्वासन पर चर्चा करने के लिए तीन लैटिन अमेरिकी देशों की यात्रा के तहत गुरुवार को कोलंबिया पहुंचीं। यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब ट्रंप प्रशासन और कोलंबियाई सरकार के बीच रिश्तों में तल्खी देखी जा रही है। जनवरी में अमेरिका द्वारा कोलंबिया में निर्वासित प्रवासियों को भेजने को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ था। नोएम ने कोलंबिया की विदेश मंत्री लॉरा साराबिया से मुलाकात की और प्रवासन व अपराध के मुद्दों पर स्पष्ट और ईमानदारीपूर्ण बातचीत की। नोएम ने कहा, हम अपने कोलंबियाई भागीदारों के साथ सीमा सुरक्षा और आपराधिक कानूनों के प्रवर्तन को मज़बूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वहीं, साराबिया ने प्रवासियों के मानवाधिकारों और गरिमा की रक्षा पर ज़ोर दिया। दोनों देशों ने कानून प्रवर्तन के लिए बायोमेट्रिक डेटा साझा करने के एक समझौते पर भी हस्ताक्षर किए। नोएम की यह यात्रा एल साल्वाडोर के उनके बुधवार दौरे से भिन्न रही, जहाँ उन्होंने राष्ट्रपति नायब बुकेले से मुलाकात की। बुकेले अपने कड़े आपराधिक रवैये के कारण अमेरिका में दक्षिणपंथी प्रशंसा पा रहे हैं। नोएम ने वहां विशाल जेल परिसर का भी दौरा किया, जहां सैकड़ों वेनेजुएलाई नागरिक बंद हैं। उन पर ट्रेन दे अरागुआ गिरोह से जुड़ाव का आरोप है, हालांकि ट्रंप प्रशासन द्वारा अब तक पुख्ता सबूत पेश नहीं किए गए हैं। ये निर्वासन मामले अदालत में चुनौती का सामना कर रहे हैं।

### नास्तिक पत्रकार ने बताई मृत्यु के बाद की दुनिया की हकीकत

**लंदन।** नास्तिक कानूनी पत्रकार ली स्ट्रोबेल पहले भगवान में विश्वास नहीं करते थे, अब मानते हैं कि मृत्यु के बाद की दुनिया हकीकत है और उनके पास इसके प्रमाण भी हैं। अपनी नई किताब सीइंग द सुपरनैचुरल : इन्वेस्टिगेटिंग एंजल्स, डेमन्स, मिस्टिकल ड्रीम्स, नियर-डेथ एक्सपीरियंसेस, एंड अदर मिस्ट्रीज़ ऑफ द अनसीन वर्ल्ड में उन्होंने उन घटनाओं की जांच की है, जो पारलौकिक शक्तियों की मौजूदगी का संकेत देती हैं। स्ट्रोबेल ने कई मृत्यु के निकट के अनुभवों का अध्ययन किया, जिन्हें विज्ञान तक समझ नहीं पाया। एक महिला का उदाहरण देते हुए उन्होंने लिखा कि जब वह मृत्यु के करीब पहुंची, तो उसने एक सफेद सुरंग देखी, जहां वर्जिन मैरी की छवि उभरी। महिला ने बताया कि वह एक अद्भुत प्रकाश से घिरी थी, जिसने उसे उसके जीवन के सभी अच्छे और बुरे कर्मों का अहसास कराया। एक और चौंकाने वाली घटना में, दृष्टिहीन विकी नाम की महिला, जिसने 22 साल तक कुछ नहीं देखा था, एक कार दुर्घटना के बाद अचानक अपने शरीर के ऊपर मंडराने लगी। वह डॉक्टरों को अपना इलाज करते हुए देख पा रही थी, जबकि उसका शरीर बेहोश पड़ा था।

### गाजा में इजराइल के हमले में 40 से अधिक लोगों की मौत

मध्य गाजा के एक व्यस्त बाजार पर इजराइली सुरक्षा बलों के ताजा हमले में सात फिलिस्तीनी मारे गए। पिछले 24 घंटों में युद्धग्रस्त क्षेत्र में हमलों में 40 से अधिक लोग मारे गए। संयुक्त राष्ट्र के विश्व खाद्य कार्यक्रम ने चेतावनी दी है कि गाजा में हजारों फिलिस्तीनियों के सामने खाद्यान का संकट पैदा हो गया है। फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए काम कर रही संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) का कहना है कि तीन सप्ताह से अधिक समय से कोई सहायता एन्क्लेव में नहीं पहुंची है। खबर के अनुसार, गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि गाजा पर इजराइल के युद्ध में अब तक कम से कम 50,208 फिलिस्तीनियों की मौत की पुष्टि हुई है और 113,910 घायल हुए हैं। गाजा के सरकारी मीडिया कार्यालय ने मृतकों की संख्या 61,700 से अधिक बताई है।

# केवीआईसी ने मुख्यालय मुंबई में आयोजित किया 'मेगा वितरण' कार्यक्रम

**लखनऊ ■ एजेंसी**

- **वर्चुअल माध्यम से देशभर में 16377 उपकरण, मशीन व टूलकिट का वितरण**
- **ग्रामोद्योग और खादी विकास योजन के अंतर्गत 5 लाख खादी कारीगर और लाभार्थी हुए लाभान्वित**



खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई), भारत सरकार द्वारा अपने केंद्रीय कार्यालय, मुंबई में वर्चुअल माध्यम से अबतक का सबसे बड़ा और व्यापक 'मेगा वितरण' कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्रामोद्योग विकास योजना, खादी विकास योजना और प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के अंतर्गत 5 लाख से अधिक खादी कारीगर, उद्यमी और लाभार्थी लाभान्वित हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि केवीआईसी अध्यक्ष मनोज कुमार ने वर्चुअल माध्यम से देशभर के लाखों कारीगरों को संबोधित किया और पीएम मोदी के 'विकसित भारत' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान से जुड़ने की अपील की। कार्यक्रम में ऑनलाइन माध्यम से खादी और ग्रामोद्योग आयोग के उत्तर जोन के सदस्य नागेंद्र रघुवंशी, पूर्वी जोन के सदस्य मनोज कुमार सिंह, एमएसएमई मंत्रालय से संयुक्त सचिव (एआरआई ) विपुल गोयल, आर्थिक सलहकार ( एमएसएमई) सुश्री सिमी चौधरी और केंद्रीय कार्यालय , केवीआईसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ साथ आयोग के देश भर के क्षेत्रीय कार्यालय से अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे। पीएम मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप खादी और ग्रामोद्योग क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और उद्यमिता को प्रोत्साहन देने की दिशा में ऐतिहासिक पहल करते हुए विले पार्ले स्थिति मुख्यालय में 'मेगा वितरण' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामोद्योग विकास योजना के अंतर्गत देशभर के सभी 6 जोन (पूर्वी जोन, पश्चिमी जोन, उत्तर जोन, दक्षिण जोन, मध्य जोन और पूर्वोत्तर जोन) के राज्य और मंडलीय कार्यालयों से संबद्ध लाभार्थियों को 16377 उपकरण, मशीन व टूलकिट का वितरण किया गया। साथ ही, खादी विकास योजना के अंतर्गत 44 नवीनीकृत खादी भवनों और 750 खादी वर्कशेड का उद्घाटन भी किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश भर में 14456 पीएमईजीपी इकाइयों को 1399.13 करोड़ के स्वीकृत ऋण पर 469 करोड़ रुपये मार्जिन मनी सब्सिडी का संवितरण किया गया, जिससे 159016 रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इसके साथ ही अध्यक्ष केवीआईसी ने 5000 नई पीएमईजीपी इकाइयों का भी ऑनलाइन उद्घाटन किया। वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 58850 लाभार्थियों को 2175 करोड़ रुपये की मार्जिन का संवितरण किया गया जिससे 64,73,50 रोजगार सृजित हुए । अध्यक्ष, केवीआईसी मनोज कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' विजन को साकार करने और युवाओं को रोजगार प्रदान करने की दिशा में खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने ग्रामोद्योग विकास योजना के तहत अपने इतिहास के अब तक के सबसे व्यापक और वृहद टूलकिट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया है। इसके तहत वर्चुअल माध्यम से कुल 16,377 टूलकिट और उपकरणों का वितरण किया गया।

### राज्यसभा में डिजिटल धोखाधड़ी मामले में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा

# किसानों का डेटा पूरी तरह सुरक्षित, योजनाओं का लाभ उठाने में मददगार

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**




केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देश के किसानों को आश्वस्त किया है कि उनका डेटा राज्यों के पास पूरी तरह से सुरक्षित है। किसानों का डेटा उनकी सहमति के बिना साझा नहीं किया जा सकता। डिजिटल धोखाधड़ी और किसानों के डाटा के दुरुपयोग को रोकने के लिए सरकार द्वारा अनेक उपाय किए गए हैं।

राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान सवालों का जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री ने उपन्यासकार श्रीलाल शुक्ल के 'राग दरबारी' के एक किसान पात्र लंगड़ का जिक्र किया, जिसे अधिकारियों के तमाम चक्कर काटने के बाद भी खेत की नकल नहीं मिल पाती। उन्होंने कहा कि उस पात्र के माध्यम से लेखक ने किसानों की समस्याओं को जिस तरह से दर्शाया, उसे कांग्रेस सरकार नहीं समझ सकी लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समझा। उसी का नतीजा है कि डिजिटल कृषि मिशन बनाकर किसान की सारी दिक्कतें समाप्त करने का फैसला किया।

उन्होंने बताया कि किसान रजिस्ट्री को राज्य में राजस्व रिकार्ड से जोड़ा गया है, जिससे वह तत्काल अपडेट हो सके। ताकि जमीन की वास्तविक स्थिति की जानकारी रहे। मंत्री ने बताया कि अगर किसी किसान ने अपनी जमीन किसी और को बेच दी तो तत्काल किसान रजिस्ट्री में अपडेट हो जाएगा। उन्होंने कहा कि हालांकि, किसान रजिस्ट्री के दौरान कुछ समस्याएं आती हैं लेकिन उनके समाधान के लिए शिकायत निवारण तंत्र कार्य करता है। इसमें किसान मोबाइल या वेब एप्लिकेशन का उपयोग कर शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

कृषि मंत्री ने कहा कि डिजिटल क्रांति से सेवाओं में और योजनाओं का लाभ देने में क्रांतिकारी परिवर्तन किया जा सकता है। एक प्रधानमंत्री थे, जो कहते थे कि 1 रुपये भेजता हूं तो केवल 15 पैसे पहुंचता है लेकिन आज हमारे प्रधानमंत्री मोदी बिहार के भागलपुर में एक बटन दबाते हैं तो 9 करोड़ 80 लाख किसानों के खाते में सीधा पैसा पहुंच जाता है। किसान सामने मोबाइल दिखाकर कहता है कि पैसा खाते में आ गया, ये डिजिटल क्रांति के कारण संभव हुआ है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश के किसानों को किसान पहचान पत्र के रूप में बहुत उपयोगी सौगात दी है। किसानों का डेटा जो है, ये निजी डेटा है, जब तक किसान इसे साझा करने के लिए अपनी स्पष्ट सहमति नहीं देता है तब तक इसे साझा नहीं किया जाएगा। डिजिटल धोखाधड़ी और किसानों के डेटा के दुरुपयोग को रोकने के लिए सरकार द्वारा अनेक उपाय किए गए हैं। डिजिटल फसल सर्वेक्षण से कृषि के लाभ के सही वितरण में मदद मिलती है। इससे स्पष्ट रूप से पता चल जाता है कि किसान ने कौन सी फसल बोई है। किसानों की आय बढ़ाने के लिए मोदी सरकार कई उपाय कर रही है। केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से किसानों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। यह डेटा उनकी मदद करने में अत्यंत मददगार साबित होगा।

### लॉक्स केरोसीन 200 टी थ्रस्ट सेमी-क्रायोजेनिक इंजन का पहला सफल परीक्षण पूरा

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ( इसरो) ने शुक्रवार को एक और बड़ी सफलता दर्ज की। इसरो ने शुक्रवार को लॉक्स केरोसीन 200 टी थ्रस्ट सेमी-क्रायोजेनिक इंजन का पहला बड़ा सफल परिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इसरो सेमी-क्रायोजेनिक इंजन विकसित कर रहा है। इसका मकसद प्रक्षेपण यान मार्क-3 (एलवीएम3) की पेलोड क्षमता बढ़ाना है। शुक्रवार को केन्द्रीय मंत्री डॉ जितेन्द्र सिंह ने ट्वीट करके जानकारी दी कि इसरो ने अपनी अंतरिक्ष मिशन क्षमताओं को अगले स्तर तक बढ़ाने में एक और कामयाबी दर्ज कर ली है। लॉक्स केरोसीन 200 टी थ्रस्ट सेमी-क्रायोजेनिक इंजन का पहला बड़ा हॉट टेस्ट सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। सफल परीक्षण की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि लॉक्स केरोसीन 200 टी थ्रस्ट सेमी-क्रायोजेनिक इंजन का भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा नई सुविधा में सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया, जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तिरुवनंतपुरम की अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्र को समर्पित किया।




# नवरात्र से पहले कटरा में सुरक्षा हुई कड़ी, सीसीटीवी कैमरे व ड्रोन के अलावा सुरक्षाकर्मी तैनात

**जम्मू ■ एजेंसी**



कठुआ जिले में सुरक्षाबलों और आतंकियों की मुठभेड़ के बाद नवरात्र उत्सव के दौरान माता वैष्णो देवी मंदिर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मंदिर के पूरे इलाके में एआई-सक्षम सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन सहित भारी सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। चैत्र (वसंत) नवरात्रि 30 मार्च से शुरू हो रहे हैं। नवरात्र में नौ दिवसीय उत्सव के दौरान गुफा मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। जम्मू शहर और राजमार्गों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है, वाहनों की जांच और संदिग्ध लोगों की तलाशी ली जा रही है।

दरअसल, कठुआ जिले में मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए और चार पुलिसकर्मी बलिदान हो गए। इसके बाद मंदिर आने वाले श्रद्धालुओंकी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। जम्मू शहर और राजमार्गों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है, वाहनों की जांच और संदिग्ध लोगों की तलाशी ली जा रही है। शुक्रवार को गुफा मंदिर के आधार शिविर कटरा की सुरक्षा जांच करते हुए रियासी के एसएसपी परमवीर सिंह ने कहा कि सुरक्षा को काफी मजबूत किया गया है।

उन्होंने कहा कि हम देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले सभी भक्तों को आश्वस्त करते हैं कि उन्हें पर्याप्त सुरक्षा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हमने कटरा शहर में कई स्थानों पर सुरक्षा जांच की है और रणनीतिक स्थानों पर अतिरिक्त तैनाती की योजना बना रहे हैं। एसएसपी सिंह ने बताया कि इसके अलावा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और पुलिस की संयुक्त टीमों के साथ-साथ त्वरित प्रतिक्रिया टीमों को भी तैनात किया गया है और वे सतर्क हैं।

पुलिस उपमहानिरीक्षक रईस मोहम्मद भट ने कहा कि इलाके में ड्रोन की तैनाती सहित सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। इसके अलावा मंदिर की ओर जाने वाले रास्ते पर सीआरपीएफ की कड़ी नजर है। अधिकारियों ने कहा कि तीर्थयात्रा मार्ग पर उन्नत एआई क्षमताओं से लैस 500-600 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

माता वैष्णो देवी के गुफा मंदिर में पहले से ही श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अंशुल गर्ग ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में तीर्थयात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। माता वैष्णो देवी मंदिर में प्रतिदिन लगभग 40 हजार तीर्थयात्री आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में यह संख्या और बढ़ने की उम्मीद है। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) ने 30 मार्च से 7 अप्रैल तक त्योहार के दौरान तीर्थयात्रियों के लिए नए बुनियादी ढांचे तैयार किया है और अधिक सुविधाओं की व्यवस्था की है।

# जल्द लौटेगा विक्रमशिला विश्वविद्यालय का गौरव, मुख्य सचिव ने किया निरीक्षण

**भागलपुर ■ एजेंसी**



आठवीं सदी में तंत्र विद्या के लिए विश्वभर में अपनी पहचान बनाने वाली भागलपुर स्थित विक्रमशिला विश्वविद्यालय का गौरव फिर से वापस लौटने वाला है। जिसको लेकर कवायद तेज हो गई है। नालंदा विश्विद्यालय के बाद अब विक्रमशीला विश्विद्यालय के दिन बहुरने वाले हैं। विक्रमशिला विश्विद्यालय को 12 वीं सदी में बख्तियार खिलजी ने नष्ट किया था। अब यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केंद्रीय विश्विद्यालय का निर्माण करवाने जा रहे हैं। भागलपुर के कहलगांव स्थित विक्रमशिला विश्विद्यालय के समीप केंद्रीय विश्विद्यालय का निर्माण किया जाएगा। केन्द्र सरकार ने 2015 में ही 500 करोड़ रुपये इसके निर्माण को लेकर दिये थे हाल ही में राज्य सरकार ने भागलपुर जिला प्रशासन को 89 करोड़ रुपये जमीन अधिग्रहण के लिए दिया है।

बिहार सरकार के मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा शुक्रवार को अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ विक्रमशीला विश्विद्यालय के अवशेष स्थल पर पहुंचे। चिन्हित जमीन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने जमीन सम्बन्धी कार्रवाई को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया है । जमीन की डीपीआर संबंधी भी जानकारी ली। मुख्य सचिव को केंद्रीय विश्वविद्यालय निर्माण को लेकर चिन्हित जमीन के बारे में भागलपुर के जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी ने नक्शा दिखाते हुए उन्हें ब्रीफ किया । मुख्य सचिव ने जमीन का किस्म और आसपास स्थित नदी, पहाड़ और सड़क सहित बसावट आबादी के बारे में भी विस्तृत से चर्चा की। सम्भवत: जल्द पीएम मोदी के हाथों शिलान्यास किया जाएगा। 215 एकड़ जमीन चिन्हित कर ली गयी है इसके डीपीआर की जिम्मेदारी नई दिल्ली स्थित स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर को दी गयी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले महीने भागलपुर में मंच से कहा था जल्द केंद्रीय विक्रमशीला विश्विद्यालय की स्थापना की जाएगी। 24 फरवरी को भागलपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था विक्रमशिला विश्वविद्यालय ज्ञान का वैश्विक केंद्र था।

# डीयू प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति से की मुलाकात



**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों के साथ संवाद के दौरान डीयू द्वारा दाखिलों में अनाथ श्रेणी शुरू करने की पहल को सराहा।

डीयू के पीआरओ अनूप लाठर ने बताया कि दिल्ली विश्वविद्यालय के स्वतंत्रता एवं विभाजन अध्ययन केंद्र (सीआईपीएस) द्वारा डीन ऑफ स्टूडेंट्स वेलफेयर (डीएसडब्ल्यू) के सहयोग से आज राष्ट्रपति भवन और राष्ट्रपति भवन संग्रहालय का दौरे का आयोजन किया गया।

दौरे पर गई इस टीम में सीआईपीएस की संयुक्त निदेशक प्रो. ज्योति त्रेहन शर्मा, डीएसडब्ल्यू की संयुक्त डीन प्रो. संगीता गदरे, डीएसडब्ल्यू की संयुक्त डीन प्रो. हेना सिंह और सांस्कृतिक परिषद के संयुक्त डीन डॉ. हेमंत वर्मा के साथ-साथ अनाथ श्रेणी के तहत दिल्ली विश्वविद्यालय में दाखिले हुए 28 स्नातक और स्नातकोत्तर छात्र भी शामिल थे।

लाठर ने बताया कि उन्होंने मुलाकात के दौरान दिल्ली विश्वविद्यालय की ओर से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को एक स्मारिका भेंट की। सीआईपीएस के निदेशक प्रो. रविंदर कुमार ने राष्ट्रपति को यात्रा के उद्देश्य के बारे में संक्षिप्त रूप से परिचित कराया। उन्होंने डीयू की अन्य अच्छी पहलों के अलावा, दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह द्वारा की गई सशक्तीकरण की सराहनीय पहल के रूप में अनाथ श्रेणी की शुरुआत पर भी प्रकाश डाला।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा की गई इस पहल की सराहना की। उन्होंने छात्रों के साथ बातचीत भी की और छात्रों को दिल्ली विश्वविद्यालय के अपने अनुभव साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### नेपाल में राजतंत्र समर्थकों ने मचाया उत्पात

# प्रदर्शनकारियों ने कई भवनों को किया आग के हवाले, कर्फ्यू लगाया

*काठमांडू ■ एजेंसी*



*नेपाल में शुक्रवार को राजतंत्र समर्थकों ने जमकर उत्पात मचाया। इन प्रदर्शनकारियों और भीड़ के द्वारा काठमांडू में पथराव करने के कारण करीब एक दर्जन पुलिस वाले घायल हो गए हैं। इस भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को कई राउंड आंसू गैस और हवाई फायर करनी पड़ी।प्रदर्शनकारियों की तोड़फोड़ और आगजनी के बाद जिला प्रशासन ने कई इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया है।*

*काठमांडू में आज राजतंत्र समर्थक प्रदर्शनकारियों ने कई इमारतों में तोड़फोड़ करने के साथ ही उसमें आग लगा दी। एक बिजनेस कॉम्प्लेक्स के अलावा शॉपिंग मॉल, एक राजनीतिक दल के मुख्यालय, एक मीडिया हाउस के बिल्डिंग में आगजनी कर दी है। इसके अलावा दर्जनों सवारी वाहनों-साधनों और निजी घरों में भी आग लगा दी गई है।*

*काठमांडू में तिनकुने से लेकर बाणेश्वर तक का इलाका तनावपूर्ण होने के बाद जिला प्रशासन ने कर्फ्यू लगा दिया है। काठमांडू के प्रमुख जिलाधिकारी ऋषिराम तिवारी ने सूचना जारी कर काठमांडू के तनावग्रस्त इलाके में कर्फ्यू लगाने की जानकारी दी है। उनके मुताबिक त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय विमानस्थल से लेकर सिनामंगल तक, संसद भवन से लेकर तिनकुने तक, शांतिनगर से लेकर शंखमूल तक और कोटेश्वर से लेकर बालकुमारी तक कर्फ्यू आदेश जारी किया गया है। राजतंत्र समर्थक भीड़ के द्वारा पथराव करने के कारण करीब एक दर्जन पुलिस वाले घायल हो गए हैं। भीड़ को तितर बितर करने के लिए पुलिस को कई राउंड तैयार गैस और हवाई फायर करनी पड़ी। इस समय भी कई इलाकों में झड़प की स्थिति बनी हुई है। काठमांडू की सड़कों पर अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है।*

### रोटरी फ्रेंडशिप एक्सचेंज दल 30 मार्च को साउथ अफ्रीका दौरे पर जायेगा

**भोपाल।** रोटरी इंटरनेशनल के मंडल 3040 के रोटरी फ्रेंडशिप एक्सचेंज कार्यक्रम में 12 भोपाल के रोटेरियन का दल रोटे धीरन दत्ता के नेतृत्व में साउथ अफ्रीका की दौरा कर रहा है जो 30 मार्च को प्रस्थान करेगा यह आरएफई दल भारतीय संस्कृति और परिवार के रहन सहन पर विचारों का विनिमय करेगा और यह दल साउथ अफ्रीका के विभिन्न शहरों में रोटरी परिवार के साथ रहेगा और 16 अप्रैल 25 को वापस भोपाल आएगा

**OFFICE OF THE MUNICIPAL COUNCIL NARMADAPURAM (MP)**

cmohoshangabad@mpurban.gov.in

NIT No/2415/E-Tendering/NPN/2025 Narmadapuram Date 28/3/2025

// Notice Inviting Tenders //
(1st Call)

Online Percentage rate bids for the following works are invited from Centralized registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria –

| SL No. | Tender No. | Name of work | Probable Amount of Contract | Earnest Money Deposit | Cost of Bid Document | Period of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_412163_1 | CONSTRUCTION OF CC ROAD AT WARD NO 24 KANCHEDILAL TO GATHOLE HOUSE ASHIRVAAD NAGAR PHEPARTAL MUNICIPAL COUNCIL NARMADAPURAM MP. | 775267/- | 8000/- | 2000/- | 01 Months (with rainy season) |

The Bid Document can be Download only online from 25/03/2025 (18.00) to 11/04/2025 (17.30) hour for more Information:- https://mptenders.gov.in

Chief Municipal Officer
Municipal Council Narmadapuram

## ग्राम गजपुर के पास खेतों में खड़ी 11 एकड़ से अधिक की गेहूं की फसल जलकर राख



**इटारसी ■ निसं**

समीपस्थ ग्राम गजपुर और बेलवाड़ा के बीच बड़ी नहर के पास खड़ी फसल में लगी आग में लगभग 11 एकड़ की फसल जल कर राख हो गयी। फायर ब्रिगेड और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। आग बिजली के खंभे से शॉर्ट सर्किट से लगने का अनुमान लगाया जा रहा है।

आग से गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गयी है। खेतों में आगजनी की सूचना पर प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य में सहयोग किया। तहसीलदार भी मौके पर पहुंच गये थे। पटवारी ने मौके पर पहुंचकर किसानों की फसल का आंकलन किया। माना जा रहा है कि इस आगजनी की घटना में करीब 11 एकड़ की फसल जलकर राख हुई है।

**इन किसानों की फसल जली:** पटवारी संतोष परते के अनुसार गजपुर क्षेत्र में धनराज पिता भोजराज, विश्राम सिंह, दुलारे प्रसाद, सुरेश, उमोद, जगदीश, सुपयार सिंह और दिलीप की फसलें जली हैं। इधर सुंदरम ढाबे के पीछे स्थित एक खेत में भी आगजनी की घटना में फसल जलने की खबर है।

### घटना में प्रयुक्त हथियार पुलिस ने किए जप्त

## इरानी डेरा में हुई हत्या के मुख्य सरगना, इनामी बदमाश सलीम इरानी अपने दोनों बेटे मोहम्मद और मोसन के साथ गिरफ्तार

**इटारसी ■ निसं**

इरानी समुदाय के आरोपियों के द्वारा संगठित होकर इरानी डेरा इटारसी में हथियारों के साथ हमला किया था। जिसमे एक व्यक्ति मासूम अली इरानी की मृत्यु हो गई तथा अन्य 10 लोग घायल होकर इलाजरत थे उक्त पटना में प्रार्थी रौफू पिता मासूम अली इसबी की रिपोर्ट पर थाना इटारसी में आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार घटना का विवरण इस प्रकार से रहेंगे दिनांक 25/12/2024 को रात्रि करीब 3 बजे नर्मदापुरम, पिपरिया, काटोल महा0, सुजफ्फरपुर विहार के इरानी समुदाय के आरोपियों के संगठित होकर इरानी डेरा इटारसी में हथियारों के साथ हमला किया था। जिसमे एक व्यक्ति मासूम अली इरानी की मृत्यु हो गई तथा अन्य 10 लोग घायल होकर इलाजस्त थे उक्त पटना में प्रार्थी रौफू पिता मासूम अली इसबी की रिपोर्ट पर थाना



इटारसी में आरोपियों के खिलाफ अपराध क्र0 940/2024 पारा 296, 191(2), 191(3), 331(6)(7), 109, 103(1) वीएनएस का कायम कर विवे0 के दौरान पूर्व में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था, शेष फरार आरोपियों के विरुद्ध अनुसंधान प्रचलित है!


घटना में एक डेरा विशेष के आरोपियों के द्वारा संगठित होकर अपराध कारित किया गया। जिससे मामला की गंभीरता देखते हुए घटना के बाद से ही लगातार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक डा गुरकरन सिंह द्वारा संज्ञान लेकर तत्काल थाना प्रभारी गौरव सिंह बुन्देला को टीम बनाकर तात्काल गिरफ्तारी के निर्देश जारी किये गए थे।

SDOP वैरिंदर कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी मौस्व सिंह बुन्देला द्वारा अलग अलग टीम बजाकर आरोपियों की गिरफ्तारी के लगातार प्रयास कर 6 आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कार उनके विरुद्ध अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष पेश किया है, तथा अन्य फरार आरोपियों के विरुद्ध अनुसंधान प्रचलित है! चूँकि घटना इरानी समुदाय से जुड़ी होने से तथा इरानी समुदाय के घटना के आरोपी सम्पूर्ण भारत के अलग अलग राज्यों में रिश्तेदारी व साथीदार ठोले से सभी फरार हो गए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत रत्न अटल जी की जन्म शताब्दी पर काव्यांजलि और सम्मान समारोह

**नर्मदापुरम।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी



की जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में काव्यांजलि एवं वरिष्ठ भाजपा नेताओं के सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम 29 मार्च 2025, शनिवार को दोपहर 12:30 बजे जिला भाजपा कार्यालय, नर्मदापुरम में आयोजित होगा। जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम प्रभारी प्रसन्न हर्णे ने बताया कि कार्यक्रम में कवि एवं साहित्यकार अपनी रचनाओं के माध्यम से अटल जी के विचार, व्यक्तित्व और राष्ट्र सेवा को काव्यांजलि अर्पित करेंगे। इसके साथ ही, जिले के वरिष्ठ भाजपा नेताओं एवं सम्माननीय नागरिकों का भी विशेष सम्मान किया जाएगा, जिन्होंने संगठन में रहते हुए अटल जी के साथ कार्य किया है या कभी उनसे भेंट की थी। कार्यक्रम में संभाग प्रभारी पंकज जोशी, राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला, जिले के विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, ठाकुर विजयपाल सिंह, प्रेमशंकर वर्मा, ठाकुरदास नागवंशी, पूर्व जिला अध्यक्ष माधवदास अग्रवाल सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

### आज होगा सेठानी घाट पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

**नर्मदापुरम।** नर्मदा आव्हान सेवा समिति नर्मदापुरम व्दारा 20 वर्षों की भाँति इस वर्ष भी नवसंवत्सर गुडीपड़वा की पूर्व संध्या पर अखिल कवि सम्मेलन का आयोजन 29 मार्च दिन शनिवार को रात्रि 9 बजे से सेठानी घाट पर किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक केप्टिन करैया ने बताया की जनप्रतिनिधियों, साहित्यकारो के आतिथ्य मे सुरेन्द्र यादवेंद्र राजस्थान, कौशल सक्सेना रायसेन, कुमार नीतेश नैश भोपाल, मनोज चौहान उत्तर प्रदेश, भुवन सिंह धांसू छिंदवाड़ा, राजेश लोटपोट झालावाड़, जयकृष्ण चांडक हरदा, दीपक साहू मुलताई, विनोद विद्रोही नागपुर, डॉ. प्रतीभा पटैल जबलपुर, सुनीता पटैल भोपाल अपनी प्रस्तुति देंगे। नर्मदांचल क्षेत्र के सभी साहित्य प्रेमी सादर आंमत्रित है।

### अवकाश के दौरान भी खुले रहेंगे बिजली बिल भुगतान केंद्र

**नर्मदापुरम।** म.प्र.म.क्षे.वि.वि.कं.लि. संचा./ संधा. संभाग नर्मदापुरम क्षेत्रांतर्गत बिजली कैश काउंटर 29 मार्च, 30 मार्च और 31 मार्च, को अवकाश के दिन भी बिल भुगतान केंद्र खुले रहेंगे। उप महाप्रबंधक ( सं/सं) म.प्र.म.क्षे.वि.वि.कं.लि. नर्मदापुरम ने बताया कि नर्मदापुरम संभाग अंतर्गत वितरण केंद्र नर्मदापुरम (शहर) जोन-1. नर्मदापुरम (शहर)जोन-2. नर्मदापुरम (ग्रामीण), डोलरिया, बाघवाड़ा, सिवनी मालवा (ग्रामीण), सिवनी मालवा (शहर) और शिवपुर के बिल भुगतान केंद्र सामान्य कार्य दिवस की तरह संचालित होंगे।

### कमिश्नर ने वन विभाग की संभागीय टास्क फोर्स समिति की बैठक ली

## वन भूमि पर अवैध कटाई अतिक्रमण उत्खनन परिवहन को संयुक्त प्रयासों से विफल किया जाए-कमिश्नर

- ■संयुक्त गश्त कर विद्युत लाइनें को ट्रेपिंग से रोके ताकि वन्य प्राणियों को विद्युत करंट से बचाया जा सके
- ■आदतन वन एवं वन्य प्राणियों के अपराधियों की सूची साझा की जाए

**नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन**

नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी की अध्यक्षता में वन विभाग की संभाग स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने वन विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे संयुक्त रूप से वन भूमि पर संगठित अवैध वृक्ष कटाई, वन भूमि पर अतिक्रमण, अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वाले लोगों को संयुक्त प्रयास से उनके मंसूबे विफल करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए की वन क्षेत्र में अवैध कटाई अवैध उत्खनन एवं वन भूमि पर यदि कोई अतिक्रमण कर रहा है तो उसकी प्रभावी रोकथाम की जाए। राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग इसमें अपना सहयोग देते हुए ऐसे प्रयासों को सख्ती से



रोके। कमिश्नर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वह वन विभाग के साथ वन क्षेत्र में संयुक्त रूप से गश्त कर विद्युत लाइनों को ट्रिपिंग से रोके एवं विद्युत लाइनों का रखरखाव समुचित रूप से करें। कमिश्नर ने कहा कि विद्युत लाइन के ट्रिपिंग को रोके ताकि वन्य एवं वन्य प्राणियों को विद्युत करंट से बचाया जा सके। कमिश्नर ने कहा कि विद्युत विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी वन विभाग के साथ संयुक्त गश्त कर वन अपराधियों द्वारा विद्युत लाइन से करंट लगाकर की जा रही अवैध शिकार गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाए एवं विद्युत की अनियमित ट्रिपिंग होने पर इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों के साथ तत्काल साझा करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि आपसी समन्वय स्थापित कर अवैध शिकार गतिविधियों को प्राथमिकता से विफल किया जाए।

कमिश्नर तिवारी ने निर्देश दिए की सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम वन मंडल एवं हरदा तथा सामान्य वन मंडल उत्तर दक्षिण एवं पश्चिम बैतूल में आदतन वन एवं वन्य प्राणियों के अपराधियों के नामों की सूची बनाकर आपस में साझा किया जाए। सूची पुलिस विभाग को भी दी जाए। वन संरक्षक अशोक कुमार ने बताया कि मालिक मकबूजा प्रकरणों में वृक्षों की कटाई हेतु खसरे के मालिकाना हक एवं स्वामित्व की पुष्टि ग्राम पंचायत के सरपंचों द्वारा की जाती है। उन्होंने कहा कि इसके लिए राजस्व एवं वन विभाग की अनापत्ति भी आवश्यक होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कई बार सरपंच वन भूमि एवं खसरे के मालिक की भूमि पर स्थित वृक्षों में फर्क नहीं समझ पाते हैं इसके लिए सभी सरपंचों का प्रशिक्षण कराया जाना उचित रहेगा।

वन संरक्षक ने बताया कि सोहागपुर वन क्षेत्र में वन भूमि पर कतिपय लोगों ने अतिक्रमण किया हुआ है। उन्होंने बताया कि हर्बल पार्क की स्थिति में अब सुधार हुआ है। पूर्व में यहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता था लेकिन पुलिस द्वारा कार्रवाई करने के पश्चात हर्बल पार्क घूमने लायक हो चुका है। और लोग आकर्षित होकर यहां सैर करने के लिए आ रहे हैं। वन मंडल अधिकारी द्वारा भी हर्बल पार्क की एप्रोच रोड को ठीक किया गया है। उन्होंने कहा कि यदि स्पोर्ट्स एडवेंचर का कार्य किया जाए तो जिले के काफी लोग हर्बल पार्क आने के लिए प्रेरित होंगे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जिम भी स्थापित किया गया है। जिम की सदस्यता फ्री रखी गई है।

संभाग स्तरीय टास्क फ़ोर्स समिति की बैठक में पुलिस महानिरीक्षक मिथिलेश कुमार शुक्ला, डीआईजी प्रशांत खरे, हरदा कलेक्टर आदित्य सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौजान सिंह रावत, अपर कलेक्टर डीके सिंह, वन मंडल अधिकारी मयंक गुर्जर, सु बासु कनौजिया, विजयंत नाथन आदि उपस्थित रहे। बैतूल कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी ऑनलाइन उपस्थित रहे।

## ग्राम बरंडुआ में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट, एक की मौत, कई लोग घायल



**नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन**

शहर के समीपस्थ ग्राम बरंडुआ में शुक्रवार को दो पक्षों में जमकर झगड़ा हो गया। इसके चलते एक की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि पुरानी रंजिश का है। पहले भी छुटपुट घटनाएं होती रहती थी लेकिन दोनों पक्षों में जमकर झगड़ा हुआ और एक दूसरे से मारपीट की। इस घटना में बच्चन कीर नामक व्यक्ति की मौत हो गई। इसके साथ ही बाकी दोनों पक्षों के लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि 1 साल पहले से दोनों पक्षों में विवाद चल रहा था। जिसके चलते यह घटना हुई। जिला चिकित्सालय में घायलों का इलाज चल रहा है और मृतक के पीएम कराया जा रहा है। दोनों पक्ष ग्राम बरंडुआ के ही रहने वाले हैं। गांव में सन्नाटा पसरा है और दोनों पक्षों के घायलों का इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दोनों पक्ष से कुल 8 लोग घायल हुए

विवाद इतना बढ़ा कि डंडे, बल्लम और धारदार हथियार निकल गए। दोनों पक्षों के बीच जमकर खूनी संघर्ष चला। दोनों पक्ष से कुल 8 लोग घायल हुए। जानकारी मिलते ही देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची और 108 की मदद से घायलों को जिला अस्पताल लेकर आई। डॉक्टरों ने राहुल के पिता बचन दायमा को मृत घोषित कर दिया, ओर राहुल दायमा समेत एक युवक को गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती किया गया। जिला अस्पताल में पुलिस बल तैनात किया है।

### इटारसी स्टेशन से अपहृत 2 साल की बच्ची मिली

## 12 से अधिक पुलिसवाले तलाश में लगे, खंडहर में छिपा था आरोपी

**इटारसी ■ निसं**

प्रदेश के सबसे बड़े रेलवे जंक्शन से अपहृत दो वर्षीय बच्ची को शुक्रवार को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। बच्ची की मां संतोषी उईके ने बताया कि वह 27 मार्च की रात करीब 10 बजे अपनी बेटी नेहा उर्फ परी के साथ प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर महिला वेटिंग रूम के सामने सो गई थी। आज शुक्रवार को सुबह 6 बजे जब उसकी नींद खुली तो बच्ची वहां नहीं थी। इस पर पुलिस ने तत्काल अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया। थाना प्रभारी जीआरपी राम स्नेह चौहान ने स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू की। एक दर्जन से अधिक पुलिसकर्मियों को बच्ची को तलाशने के लिए लगाया गया।

मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने जबलपुर आउटर की तरफ वॉशिंग



एरिया के पास स्थित नीली पानी की टंकी के खंडहर में छापा मारा। वहां से 42 वर्षीय आरोपी अनिल रघुवंशी को बच्ची के साथ पकड़ा गया। आरोपी शिवपुर थाना क्षेत्र के कोठरा गांव का रहने वाला है। बच्ची को उसकी मां के सुपुर्द कर दिया गया है। मेडिकल जांच में बच्ची के शरीर पर किसी तरह की चोट नहीं पाई गई है।

गौरतलब है कि बच्ची की मां पिछले 5-6 सालों से इटारसी रेलवे स्टेशन और आसपास के इलाके में भीख मांगकर गुजारा करती है। बालिका और उसकी मां को सीडब्लयूसी नर्मदापुरम के समक्ष अग्रिम कार्यवाही हेतु पेश किया गया है।

### इन पुलिसकर्मियों की सर्तकता से मिली बच्ची

इस कार्रवाई में एसआई आरएस बकोरिया, श्रीलाल पड़रिया, सीआर तिर्की, हेड कांस्टेबल कृष्ण कुमार संतोष पटेल दिलीप सेन, कैलाश यादव, अरविंद भदौरिया, तृप्ति ठाकुर मनोज त्रिपाठी, राम शंकर, कांस्टेबल राम शंकर राजेंद्र दायमा, अमित विष्णुमूर्ति बलवंत दीपक सेन आदि सहित आरपीएफ एसआई पिंकी झरिया, ओपी गुर्जर, कांस्टेबल निर्मल पटेल की अहम भूमिका रही।

## कहार महासंघ के नवनियुक्त जिला नर्मदापुरम के अध्यक्ष बने बसंत माझी

**नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन**

कहार महासंघ राष्ट्रीय संगठन मध्य प्रदेश ने बसंत माझी पर भरोसा जताते हुए नर्मदापुरम जिला अध्यक्ष की कमान सौपी हैं। कहार महासंघ के प्रकाश कहार राष्ट्रीय अध्यक्ष कहार महासंघ अधिवक्ता उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के अजय रैकवार राष्ट्रीय महासचिव सह प्रभारी (म.प्र.) नीरज रैकवार राष्ट्रीय सचिव सह मीडिया प्रभारी रामगोपाल रैकवार जी प्रदेश अध्यक्ष रजनी सिंह कश्यप प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ ने बसंत मांझी को नर्मदापुरम का जिला अध्यक्ष घोषित किया है समाज ने अध्यक्ष बनते ही कहार समाज के युवाओं ने माला पहनकर मिठाई कलाई और बसंत माझी के मार्गदर्शन में कहार समाज कैसे बढे इसको को लेकर भी विस्तार से चर्चा कीऔर कहार महासंघ को कैसे जिला



स्तर पर मजबूत किया जाए इसकी रणनीति भी बनाई।

कहार समाज को शासन स्तर से मिलने वाली योजना कैसे मिले इस पर भी नवनियुक्त जिला अध्यक्ष ने युवाओं से कहीं स्वागत करता मैं जिला अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने पुष्प माल पहनकर खिलाकर किया स्वागत करने वालों में स्वागत करने वाला सचिन केवट उमेश कहार राजेश कहार देवेन्द्र केवट, गौरव देव नितेश राकेश कहार करण आयुष शुभम पीयूष बाबू अंशु स्वागत उपरांत सभी ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष बसंत माझी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर समाज को बढ़ाने के की बात कही।

### एमपीडबल्यु ,सुपरवाईज़र एएनएम, एलएचवी सीएचओ कोल्डचैन सामूहिक अवकाश पर रहे

## सार्थक एप के विरोध में सभी कर्मचारियों ने किया पुर जोर विरोध



**भोपाल ■ निसं**

सार्थक एप के विरोध में जिले के सारे एमपीडबल्यु सुपरवाईज़र एएनएम एलएचवी सीएचओ कोल्डचैन हैन्डलर सामुहिक अवकाश पर रहे आज सभी जिला चिकित्सालय के प्रांगण इकट्ठे हुए सबने सार्थक एप के खिलाफ नारेबाजी की कही भी जिले में आज टीकाकरण नही हुआ सार्थक एप के खिलाफ संघ को कई संगठनो का समर्थन मिल गया था आगे यदि माग नही मानी तो इसके लिये सभी मिल कर आंदोलन कर सकते है उसके बाद चिकित्सा शिक्षा मंत्री के यहाँ बुलावा आया वहाँ पर उनके निज सचिव को ज्ञापन दिया गया वहाँ कर्मचारियो की समस्याओ को सुना गया कर्मचारीयो के पदा अधिकारियो ने बताया कि सब को वेतन रोकने का दबाब बनाया जा रहा पुरे प्रदेश 52 विभागो में कही भी सार्थक नही हो रहा तो हमसे क्यु पुरे प्रदेश कोई जिले में कही नही हो रहा तो भोपाल जिले मे क्यु यै .तानाशाही है कर्मचारी का कई सालो से समयमान वेतनमान पेंडिंग कर्मचारियो की कई समस्या पहले से ही पेंडिंग है उनपर अधिकारी ध्यान नहीं देते मंत्री जीके निज सचिव ने उचित कार्यवाही का भरोसा दिलाया एवं कहा किसी का वैतन नहीं रोका जायेगा संघ के अध्यक्ष कल्याणसिह ठाकुर संजय तिवारी राधेश्याम शर्मा शैलेन्द्र शर्मा शैलेन्द्र श्रोती एहसान अली पुर्णिमा पाण्डे कोमल वर्मा सुनीता सुनीता मोतियानी उषा शर्मा सीएचओ खुशबु यादव बबलु रावत गोविन्द शर्मा सौरम पाण्डे रामनारायण नाभिक कर्मचारी नेता सुरेन्द्र कोरव उपस्थित थे।

## प्रेमसरस स्कूल बीकोर के विद्यार्थियों ने लगातार तीसरे साल बोर्ड परीक्षा में मारी बाजी

**माखननगर ■ निसं**

विकासखण्ड के ग्रामीण क्षेत्र मैं संचालित प्रेमसरस इंग्लिश मीडियम स्कूल बीकोर की कक्षा पांचवी ,आठवीं की बोर्ड परिक्षा का रिजल्ट शत् प्रतिशत रहा। जिसमें आठवीं के छात्र कृष्णा दुबे बीकोरी 80 प्रतिशत ,कार्तिक चौहान मुड़िया खेड़ा 75 प्रतिशत, संदीप कीर बीकोर 72 प्रतिशत आया वहीं पांचवी कक्षा के आराध्या चौहान बुधनी 84प्रतिशत, अनीश यादव भटवाड़ा 83प्रतिशत, अनिकेत यादव खरगावली 83प्रतिशत ,दीपाली कीर पनवासा 83प्रतिशत, अंश मीना बीकोर 82 प्रतिशत, दीपिका अहिरवार धानसी 81प्रतिशत, नयन राजपूत तमचरू , महक दुबे ,माधवी राजपूत ,शिव दीक्षित बीकोर ,सिमरन निमोदा तमचरु , दिव्यांशी यादव सभी 80 प्रतिशत ,मानसी यादव, प्रियांश शर्मा तमचरू 79 प्रतिशत ,पलक राजपूत बीकोर , प्रियांश चौहान बुधनी , हर्ष यादव मजलपुर , लक्ष्मी राजपूत सभी 78 प्रतिशत,आयुष यादव , खुशी दायमा, मयंक कीर तमचरू 77 प्रतिशत, निहारिका राजपूत बीकोर , जेम्स कीर 76प्रतिशत ,मानवी रावत 74प्रतिशत,मयंक केवट 73प्रतिशत ,तमचरु बसंत कीर , गौरव अहीरवाल पनवासा 72प्रतिशत, ऋषभ दायमा तमचरू ,तरुण राजपूत आहारखेड़ा 70 प्रतिशत पर रहे।


प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी डी.पी.गोयल द्वारा प्रभा काम्पलेक्स के पास, मीनाक्षी चौक, आई.टी.आई. रोड, होशंगाबाद से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21-एच, इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल- 462023 (म.प्र.) से मुद्रित। संपादक- डी.पी.गोयल।मो.9827054436भोपाल कार्यालय : 4240007. डाक पंजीयन - MP/HSD04/2023-2025 व्यवस्थापक- डी.सी. पारे, मो. 8878623331 Email: amritdarshan@yahoo.com ( सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल रहेगा।)।